हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 20, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 18 जुलाई, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह, योगी मंत्रिमंडल में मिलेगी जगह!

### केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, पूर्व मंत्री का भाजपा परिवार में स्वागत



लखनऊ। सपा विधायक दारा सिंह चौहान आज भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पहले उन्होंने यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंपा। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद थे। दारा सिंह चौहान मऊ की घोसी सीट से सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। उन्होंने शनिवार को भी ई-मेल से इस्तीफा भेजा था। कहा जा रहा है कि पूर्वांचल के चौहान (नोनिया) वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखने वाले दारा सिंह को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

भाजपा में शामिल होने पर दारा सिंह चौहान ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के तमाम मुल्क भारत के पीछे चलने के लिए तैयार हैं। जिस तरह मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह काम कर रहे हैं उससे 2024 में तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सिपाही के रूप में मेरी घर वापसी हुई है। आगामी चुनाव में भाजपा यूपी में 80 में से 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि दारा सिंह चौहान प्रधानमंत्री मोदी के विकास के कार्यों में योगदान देने के लिए आए हैं। उनका आगमन भाजपा को और मजबूत करेगा।

**2024 में यूपी में एकतरफा कमल खिलेगा-** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान का भाजपा परिवार में स्वागत है। 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा ने 73 सीटें जीती थीं। 2019 में महागठबंधन के सामने हमने 64 सीटें जीती। हम 2024 में तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने जा रहे हैं जिसके लिए 80 सांसदों की फौज खड़ी हो रही है। मौर्य ने कहा कि दारा सिंह देश की राजनीति समझने वाले हैं। गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद हम समझ गए थे कि अब उनके भाजपा में शामिल होने में देर नहीं लगेगी। 2024 में यूपी में एकतरफा कमल का फूल खिलेगा। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की बैठक बैंगलौर में है। उसका कोई मतलब नहीं है। सभी एक दूसरे पर शर्तें थोप रहे हैं।

### जयशंकर, डेरेक ओ ब्रायन समेत 11 नेताओं का राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय



नई दिल्ली। राज्यसभा चुनाव होने से पहले ही कई नेताओं की सीट कंफर्म होती दिख रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर, तृणमूल के डेरेक ओ'ब्रायन सहित 11 नेता राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जा सकते हैं। दरअसल, कई सीटों पर डमी कैंडीडेट हटा दिए जाने के बाद इनकी जीत तय मानी जा रही है। सत्तारूढ़ भाजपा को एक सीट का फायदा हुआ है और राज्यसभा में उसके 93 सदस्य हैं, जहां सरकार के पास बहुमत नहीं है। तय कार्यक्रम के मुताबिक 24 जुलाई को पश्चिम बंगाल की छह, गुजरात की तीन और गोवा की एक सीट के लिए मतदान नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के छह और भाजपा के पांच उम्मीदवार निर्विरोध चुने जाएंगे। निर्विरोध चुने गए अन्य तृणमूल कांग्रेस नेताओं में सुखेंदु शेखर रॉय, डोला सेन, साकेत गोखले, समीरुल इस्लाम और प्रकाश बारिक शामिल हैं।

## सनातन धर्म की जड़ों से प्रत्येक हिंदू को जोड़ना विहिप का कर्तव्य : चंपत राय



प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सामाजिक समरसता एवं सनातन धर्म की जड़ों से प्रत्येक हिंदू को जोड़ने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो हमसे दूर हो गए हैं उनको जोड़ना और हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधकर धार्मिक मान्यताओं, परंपराओं, संस्कारों का ज्ञान कराना ही विहिप का कर्तव्य है। बतौर मुख्य अतिथि चंपत राय ने कहा कि राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की सफलता के बाद बजरंग दल की शौर्य यात्रा का समापन काशी में होगा। यह यात्रा वंचित समाज के बीच जाएगी, जहां संतों के आशीर्वचन होंगे। उन्होंने बताया कि विहिप की स्थापना के 60 वर्ष आगामी 2024 में पूर्ण होंगे। संगठन ने ऐसे में अपने उद्देश्यों को पूरा करने का लक्ष्य बनाया है। विहिप और बजरंग दल हिंदू समाज को एक सूत्र में जोड़ने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां विहिप का एक भी कार्यकर्ता है, वहां सत्संग होगा। विश्व हिंदू परिषद के कार्य का आधार सत्संग ही है। अगले स्थापना वर्ष के पहले तक देशभर में विश्व हिंदू परिषद एक करोड़ लोगों को अपना हित चिंतक बनाएगा। सेवा कार्यों के साथ सत्संग का विस्तार होगा। राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। परिषद की स्थापना के 60 वें वर्ष में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी और संघ के 100 वें शताब्दी वर्ष में मंदिर राष्ट्र को समर्पित हो जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के कुछ महत्वपूर्ण पदों पर परिवर्तन भी हुए। विनोद अग्रवाल को काशी प्रांत का उपाध्यक्ष, संजय गुप्ता को प्रयाग महानगर का अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह सत्य प्रकाश मिश्रा बबलू को प्रयाग महानगर का मंत्री, सुरेश शुक्ला को प्रयाग विभाग बजरंग दल का संयोजक मनोनीत किया गया। अमित सिंह बनाए बजरंग दल प्रयाग विभाग के सह संयोजक बनाए गए। काशी प्रांत के अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह के अलावा क्षेत्रीय सत्संग प्रमुख दिवाकर त्रिपाठी, राधेश्याम द्विवेदी, जितेंद्र, मधुराम, प्रांत संगठन मंत्री काशी प्रांत नितिन, सुरेश अग्रवाल, विद्याभूषण, अजय गुप्ता, दिवाकर त्रिपाठी, आशुतोष श्रीवास्तव, अनिल पांडेय समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, घर से दूर ले जाकर की वारदात

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज एक युवक ने सोमवार की दोपहर चाकु से हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सदर कोतवाली के गौनरिया बाबू नहर पुल के पास घटना को अंजाम देकर बाइक से भाग रहे आरोपित को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घुघली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का गांव के ही एक दूसरी जाति के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युगल एक माह के लिए घर से भाग गए थे। वापस आने पर युवती के स्वजन ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी, लेकिन युवती गांव के ही प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी।

## बाढ़ का कहरः तेज बहाव में बह गया केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के गांव का रास्ता, टूटा कई गांवों का संपर्क



मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में हिंडन नदी में उफान के चलते केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के गांव को सिसौली और शामली से जोड़ने वाला रास्ता पानी में बह गया। केंद्रीय मंत्री के गांव कुटबा-कुटबी और हड़ौली गांव के बीच हिंडन नदी के पुल के पास सिसौली-काकड़ा मार्ग बाढ़ के पानी में बह गया है। यहां करीब 15 गांव का आवागमन बंद हो गया है। यह मार्ग मुजफ्फरनगर-बड़ौत मार्ग से काकड़ा, हड़ौली, सिसौली, भौराकलां होते हुए शामली तक चला जाता है। हिंडन नदी में पानी बढ़ने से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। मुजफ्फरनगर के चरथावल में नदी किनारे बसे 10 गांवों में करीब 10 हजार बीघा से ज्यादा फसल चौपट होने का खतरा है। बुड्ढाखेड़ा गांव में सीमेंट कारोबारी को चार दुकानें गिरने से करीब लाखों का नुकसान हो गया। क्षेत्र के लोग बेबस नजर आ रहे हैं। सहारनपुर की सीमा से सटा चरथावल क्षेत्र का पहला गांव बुड्ढाखेड़ा है। इस गांव के अलावा छिमाऊ, कसौली, दूधली, न्यामू, सिकंदरपुर, अकबरगढ़, नंगला राई, पीपलशाह और कुल्हेड़ी गांव नदी किनारे बसे है। बाढ़ के पानी से ईख, धान, चारा, ज्वार, बाजरा और सब्जी की फसलें चौपट होने लगी है। कसौली गांव से सटे सहारनपुर जिले के जखवाला से न्यामू तक करीब पांच किमी की परिधि में हिंडन नदी का पानी रफ्तार से चल रहा है। कसौली के बुजुर्ग मामचंद पुंडीर कहना है कि किसानों ने कुटेसरा और चौकड़ा की तरफ खेतों से वैकल्पिक तौर पर चारे का इंतजाम कर रहे है। अमूमन पांच हजार रुपये प्रति बीघा बिकने वाले चारे के दाम 15 हजार रुपये तक पहुंच गए है। खेतों में लबालब पानी चलने के कारण दूब से पशुओं के निवाले का बंदोबस्त करना पड़ रहा है। बुड्ढाखेड़ा में सीमेंट कारोबारी नीरज पुंडीर की चार दुकानें गांव के बाहरी छोर पर है। चार दिन से नदी का पानी उनकी दुकानों के चारों तरफ बह रहा है।

## अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री व राजनाथ के बीच होगी द्विपक्षीय बैठक, तेजस विमान को लेकर डील हो सकती फाइनल

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना से दिल्ली में मुलाकात करेंगे। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक रक्षा और सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा होगी। बता दें कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों द्वारा दोनों देशों के बीच रक्षा और सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने की उम्मीद है। दक्षिण अमेरिकी देश ने 2022 में अर्जेंटीना वायु सेना के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस में रुचि व्यक्त की थी। इससे पहले जून में अर्जेंटीना में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने अर्जेंटीना वायु सेना के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक के साथ तेजस लड़ाकू विमानों और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित विभिन्न हेलीकॉप्टर विकल्पों में सहयोग पर चर्चा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी तेजस लड़ाकू विमान में अर्जेंटीना की रुचि का स्वागत किया है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के रणनीतिक संबंध बढ़ाने में प्रस्ताव के महत्व पर प्रकाश डाला। दोनों पक्ष रक्षा क्षेत्र को लेकर सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए थे। बता दें कि एचएएल तेजस एक भारतीय सिंगल इंजन हल्का लड़ाकू विमान है, जिसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के विमान अनुसंधान और डिजाइन केंद्र के सहयोग से डिजाइन किया है।



## चीन सीमा पर 'चाचिन में मनाया गया चरवाह महोत्सव', भारतीय सेना ने बढ़ाया उत्साह



ईटानगर। पूर्वोत्तर में चीनी सीमा के पास तवांग क्षेत्र में एक खास तरह का पारंपरिक त्योहार मनाया जाता है, जो वास्तव में चाचिन ग्राज़िंग फेस्टिवल है, जिसे चरवाहा महोत्सव कहा जाता है। पिछले दिनों बुमला दर्रा, अरुणाचल प्रदेश के पास तवांग क्षेत्र के स्थानीय चरवाहों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दो दिवसीय उत्सव में इसमें भारतीय सेना ने उनका उत्साह बढ़ाया। उनके पशुओं की जांच की, उनको बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए। इसके साथ ही भारतीय सेना ने मेडिकल कैंप भी लगाया, जहां लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इसकी जानकारी देते हुए गुवाहाटी स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि चाचिन में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में पूरे तवांग क्षेत्र के ग्राज़ियरों की उत्साही भागीदारी देखी गई। बुमला दर्रे के पास चाचिन और अन्य पारंपरिक चरागाह क्षेत्र एतिहासिक रूप से स्थानीय मोनपा जीवनशैली की रीढ़ के रूप में काम करते हैं। ये आजीविका के खेती पर निर्भर करते हैं। उन्होंने बताया कि उत्सव में स्थानीय चरवाहों की सहायता के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय चरवाहों के जानवरों के लिए चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजित किया गया था। स्थानीय चरवाहों को हर तरह की जानकारी दी गई ताकि वे अपने पशु धन का उपयोग कर सकें। पशुओं की देखभाल कैसे की जाए इस पर एक व्याख्यान भी दिया गया। यह पहल तवांग क्षेत्र के आसपास के पारंपरिक चरागाहों के महत्व को देखते हुए की गई थी। भारतीय सेना ने यह भी जानने का प्रयास किया गया कि उनको किस तरह की परेशानी आर रही है। रावत ने बताया कि कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों ने पारंपरागत संस्कृति के विभिन्न रंगों को दिखाया। उनके रंगों और कल्पना की दुनिया ने सबका मन मोह लिया।

## आगरा-मथुरा में बाढ़ का बढ़ता खतरा, रौद्र रूप में यमुना, मथुरा में खतरे के निशान के 1.30 मीटर ऊपर

आगरा/मथुरा। मथुरा में यमुना का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। यमुना का पानी पहले खादर की कालोनियों में ही घुसा था। अब सड़कों पर बहने लगा है। सोमवार दोपहर 12 बजे यमुना का जलस्तर 167.30 मीटर हो गया है। ये खतरे के निशान से 1.30 मीटर ऊपर है। जिले में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। यमुना के घाटों से आगे अब यमुना बाजार में आ गई है। सड़क पर पानी आने के कारण मांट-वृंदावन मार्ग को बंद कर दिया गया है। शेरगढ़-नौहझील मार्ग पर पहले से ही तीन फीट तक पानी भरा है। इस मार्ग पर तीन दिन से आवागमन बंद है। हालांकि ओखला और ताजेवाला बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में कमी आई है। सोमवार को ओखला बैराज से 87,695 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि ताजेवाला से 37,560 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। गोकुल बैराज से आगरा की ओर सोमवार को 1,46,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। आगरा में भी यमुना जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। आज 497.4 फीट पहुंचा जलस्तर। खतरे के निशान से ढाई फीट ऊपर यमुना पहुंची है। कैलाश मंदिर के गर्भ गृह तक पानी पहुंच चुका है। वहीं हाथीघाट स्थित स्ट्रैची ब्रिज के नीचे फिर पहुंचा यमुना का पानी भर रहा है। नगर निगम का पंप खराब होने से यहां जल निकासी नहीं हो पा रही है। मोतीगंज बाजार के व्यापारियों में खलबली मची है। थोक विक्रेता माल दूसरे स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। पोइया घाट मोक्षधाम और ताजगंज मोक्षधाम में पानी भरा है।



## कांवड़ यात्रा में भिड़े वाहन, 5 की मौत मृतकों में दो डाक कांवड़िये भी शामिल

कासगंज। रविवार की रात शहर से लेकर सोरों तक कांवड़यात्रा का जोर रहा। इस दौरान आधा दर्जन स्थानों पर वाहन आपस भिड़े तो कहीं राहगीरों को रौंदते हुए गुजर गए। दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें दो डाक कांवड़िया, एक गंगास्नानार्थी और दो राहगीर शामिल हैं। दुर्घटनाओं में तीन दर्जन लोग घायल भी हुए हैं। इनमें अधिकतर कांवड़िये ही हैं। सोरों मार्ग पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं हुईं। शहर में रविवार की रात मथुरा-बरेली मार्ग पर तमाम कांवड़िया अपने गंतव्य की ओर कूच कर रहे थे तो बहुत से सोरों पहुंच रहे थे। इनके वाहनों में डीजे बज रहे थे। रास्ते में यह नाचते-गाते और जयघोष करते चल रहे थे। शहर के अंदर से गुजर रहा यह राजमार्ग कांवड़ियों से ही रेंग रहा था। इसी दौरान नदरई गेट पर विपरीत दिशा से गुजरी गंगा स्नानार्थियों की कार सामने से आ रहे फिरोजाबाद के कांवड़ियों के डीजे लगे लोडर वाहन से भिड़ गई। दुर्घटना में जहां कार में सवार राजस्थान के भरतपुर क्षेत्र के गांव रूपवास निवासी श्याम सुंदर और उनकी पत्नी शीला गंभीर घायल हो गईं। कार में बैठे अन्य चार लोग भी घायल हो गए। उधर, कांवड़ियों के वाहन में सवार आठ श्रद्धालु भी घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। उधर, दोनों वाहनों के आमने-सामने से टकराने पर नदरई गेट पर कांवड़ यात्रा घंटों ठहरी रही। बाद में पुलिस ने वाहन हटवाकर मार्ग पर आवागमन शुचारु कराया। उधर, जिला अस्पताल मे श्याम सुंदर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी की हालत गंभीर देख उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना सोरों से कछला की ओर नगरिया पेट्रोल पंप के पास हुई। यहां फिरोजाबाद के मटसेना क्षेत्र के गांव पिलुआ के युवकों का दल डाक कांवड़ लेकर लौट रहा था। यह मार्ग पर दौड़ लगा रहे थे। रात करीब बारह बजे सामने सोरों की ओर से आ रहे लोडर वाहन (मैक्स) ने कांवड़िया 19 वर्षीय रामलखन उर्फ रवी पुत्र संतोष पाल में ट्कर मार दी। गंभीर हालत में रवी को पहले सोरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया, वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



शहर के सहावर गेट, अमांपुर बस अड्डा के पास निवासी बबलू कुशवाहा भी स्वजन के साथ कांवड़ लेकर आ रहे थे। उनके साथ मां रामबेटी, पत्नी सुनीता और बेटा शिवम भी थे। नगरिया के पास इन्हें रोडवेज बस ने पीछे से रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल बबलू को जिला अस्पताल लाया गया। वहां से उन्हें आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। चौथी घटना चांड़ी मार्ग पर नीमरी गांव के पास हुई। गंजडुंडवारा के गांव नगला भवानी निवासी सुधीर अपने मालिक लड़ैत के साथ कार लेकर कासगंज आए थे। रात में यहां से लौट रहे थे। मार्ग पर कांवड़ यात्रा चल रही थी। अज्ञात वाहन ने इनकी कार में टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सुधार और लड़ैत दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया।

## 'राजनीतिक कलह से ऊपर उठें मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल', सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) के नए अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर चल रहे मतभेदों के बीच सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना से कहा कि वे उन पूर्व न्यायाधीशों के नामों पर चर्चा करें, जो राष्ट्रीय राजधानी के बिजली नियामक की अध्यक्षता कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि दोनों संवैधानिक पदाधिकारियों को 'राजनीतिक' कलह से ऊपर उठना होगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बृहस्पतिवार को फिर से विचार करेगी और दिल्ली सरकार के वकील तथा उपराज्यपाल से कहा कि वे अदालत में केजरीवाल और सक्सेना को आज के घटनाक्रम से अवगत कराएं। पीठ ने कहा, 'दोनों संवैधानिक पदाधिकारियों को राजनीतिक कलह से ऊपर उठना होगा और उन्हें डीईआरसी अध्यक्ष के लिए एक नाम देना चाहिए।' शीर्ष अदालत ने चार जुलाई को कहा था कि वह डीईआरसी अध्यक्ष जैसी नियुक्तियों को लेकर केंद्र के हालिया अध्यादेश के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता की जांच करेगी जबकि दिल्ली सरकार ने अदालत को सूचित किया कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार का राष्ट्रीय राजधानी के विद्युत नियामक प्राधिकरण के प्रमुख के रूप में शपथ ग्रहण स्थगित कर दिया गया है। न्यायमूर्ति कुमार की डीईआरसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति शहर की आप सरकार और केंद्र के बीच टकराव का एक और मुद्दा बन गई है।



## संपादकीय

# कर्ज चुकाने के लिए कर्ज ले रही हैं सरकारें

पिछले वर्षों में केंद्र एवं राज्य सरकारों का कर्ज लगातार बढ़ता ही जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा कर्ज के ब्याज और किस्त के रूप में जा रहा है। जिसके कारण विकास कार्य और जन सामान्य की योजनाओं पर विपरीत असर पड़ने लगा है। पिछले वर्षों में लगातार टैक्सों में वृद्धि की गई है। जीएसटी के माध्यम से अब खाने-पीने की और रोजमर्रा की सभी चीजों पर 12 फीसदी से लेकर 28 फीसदी तक टैक्स लग रहा है। जीएसटी लागू होने के बाद भी बड़ा निर्धनवर्ग भी भारी टेक्स के दायरे में आ गया है। जिसके कारण उसके जीवन यापन में मुश्किलें पैदा हो गई हैं। रही-सही कसर पेट्रोल, डीजल और गैस में भी उपभोक्ताओं को भारी टैक्स के रुप में चुकाना पड़ रहा है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के नागरिकों को अपनी आय का 60 फीसदी तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स में चुकाना पड़ रहा है। जिसके कारण नागरिकों की क्रय क्षमता दिनों दिन कम होती जा रही है। हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार को ब्याज चुकाने के लिए अनुपूरक बजट में मांग करनी पड़ी। 2269.90 करोड का प्रावधान मध्य प्रदेश सरकार ने बजट में कर रखा था। ब्याज की रकम ज्यादा हो गई है, इसलिए सरकार ने अनुपूरक बजट के माध्यम से 761.90 करोड़ रुपए और स्वीकृत कराए। मध्य प्रदेश सरकार ने पिछले 2 माह में 6000 करोड़ रुपए का कर्ज बाजार से लिया है। राज्य सरकार के ऊपर पहले से ही 3,31,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। जबकि बजट में 3,14,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव पूर्व कई ऐसी घोषणा की गई हैं। जिसके कारण सरकार का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। भुगतान संतुलन बनाए रखने के लिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को अब कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति अकेले मध्यप्रदेश की नहीं है। लगभग लगभग सभी राज्यों की है। उदाहरण स्वरुप मध्यप्रदेश सरकार ने दो लाख करोड़ रुपए के विकास कार्य के भूमि पूजन कर दिए हैं। लेकिन इनके लिए धन कहां से आएगा, इसके बारे में वित्त मंत्रालय के अधिकारी भी नहीं बता पा रहा हैं, कि किस तरह से यह धन प्राप्त होगा। आम जनता पर विभिन्न तरह से पिछले वर्षों में टैक्स की भारी वृद्धि की गई है। सरकारी यदि टैक्स को बढ़ाएगी तो आम जनता सड़कों पर आने के लिए अब विवश हो जाएगी। लोगों के अपने घर का जरूरी खर्चा भी पूरा नहीं हो पा रहा है। लगातार उन्हें अपने खर्चों में कटौती कर रहे हैं। राहत मिलना तो दूर, उनके ऊपर यदि टैक्स बढ़ाया गया तो उनका जीवन ही मुश्किल में पड़ जाएगा। सरकार द्वारा समय पर जो विकास कार्य एवं निमार्ण कार्य करने थे, समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी लागत भी बढ़ रही है। योजनाओं का लाभ भी आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। चुनाव को देखते हुए राज्य सरकारों एवं केन्द्र सरकार द्वारा लोक लुभावन योजनाओं के लिये खजाने की राशि को बिना सोचे-समझे खर्च किया जा रहा है।

## कुनबा लगे बढ़ाने!



शुरू हुई तैयारी ।
कुनबा लगे बढ़ाने ।।
साथियों को साधना ।
निकले आजमाने ।।
प्रतिक्रिया तो आनी थी ।
है हुई बौछार ।।
करके ऐसा उनको ।
हर्ष है अपार ।।
रुठे को मनाना है ।
कोशिश लगातार ।।
तय हुआ है अंदर ।
बदलो पर व्यवहार ।।
है शुरूआती दौर ।
आ रहा आनंद ।।
है छुपा कुछ सार ?।
मुस्कान दिखी जो मंद ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# हैलो कौन! भइया जरा राहुल को बुला दीजिये, मैं उनकी बहन हूँ...

## खत्म हो गया एसटीडी, आईएसडी, पीसीओ का दौर, बहुत ही खूबसूरत और उत्तेजक था अपने बारी की प्रतीक्षा वाला समय

**मोहम्मद अरशद**

प्रखर जौनपुर। एक समय था जब पीले बैकग्राउंड पर काले अक्षरों मे लिखे जाने वाले एसटीडी, आईएसडी, पीसीओ बूथ पर लोगों की लाइन लगी रहती थी। जीवन का वो सफर बहुत खूबसूरत और उत्तेजक था। उस दौर में, पीसीओ पर लगे फोन यात्री के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। जब भी किसी व्यक्ति को दूसरे शहर में किसी से बात करनी होती थी, तो उसे फोन बूथ ढूंढना होता था। इसके लिए वह एक लंबी कतार में लग जाता था, लेकिन जब उसे फोन मिलता था तो वह बहुत खुश होता था। बढ़ती टेक्नोलॉजी के दौर में मोबाइल फोन हमारी पॉकेटो में क्या आया, पीसीओ का चलन ही बंद हो गया। इसी के साथ अब हम अपनी पॉकेटो से एक रुपए के सिक्के की भी तलाश नहीं करते। वो समय ही और था जब हमारे फोन पर सामने से आवाज आती थी ह्यभइया जरा राहुल को बुला दिजीये मैं उनकी बहन हूँह्य हांलाकि खबर में राहुल नाम सिर्फ काल्पनिक तौर पर बताया जा रहा है। फिर आधा घण्टे के बाद फोन करने के लिये कह कर राहुल के घर संदेश भेजा जाता था और वह आकर फोन आने का इन्तजार करता था। पहले के दौर में हमारी जिंदगी में बहुत कुछ था जो अब हमारी सोच से भी दूर हो गया है।

**अब सिर्फ यादगार बनकर रह गया पीसीओ**– सड़कों पर लगे पीले बैकग्राउंड और एसटीडी, आईएसडी, पीसीओ बूथ आज बस यादों का हिस्सा बन गए हैं। अब मोबाइल फोन ने एसटीडी पीसीओ की जगह ले ली है। एक समय था जब हमारे लिए टेलीफोन एक अजीब सी चीज थी, वहीं आज यह एक स्वाभाविक और रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली आवश्यक चीज बन गई है। पहले के दौर में पीसीओ के अलावा गिने-चुने मकानों में टेलिफोन हुआ करता था और उसमें भी लोकल और एसटीडी कनेक्शन लेने के नियम थे। लोकल कनेक्शन केवल अपने प्रदेश और एसटीडी कनेक्शन देश के सभी प्रदेशों में बात कराते थे।

**उस समय रिश्तेदारों से बात करने के लिए आधी-एक घंटा तक करना पड़ता था इंतजार**– उस समय लोगों में बड़ा लगाव हुआ करता था मोहल्ले में किसी एक के घर में फोन हो तो पूरे मोहल्ले के काम आता था, वहीं सुबह से लेकर शाम तक दर्जनों लोगों के लिये फोन आता था। अधिकांश लोग गाँव, गली-मोहल्ले में लगे किसी एक सक्षम व्यक्ति के घर लगे फोन का नम्बर अपने रिश्तेदारों में बांट देते थे और फिर बात करने के लिये जब रिश्तेदारों का फोन आता था तो उनसे एक-आधा घण्टे का समय लेकर सम्बन्धित को बुलाया जाता था और रिश्तेदार का फोन पकड़ते ही चेहरे पर जो खुशी दिखती उसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। दुनिया भर में बढ़ती टेक्नोलॉजी ने हमारे रोजगार, जीवन शैली और समाज के ढांचे को पूरी तरह बदल दिया है। पहले फोन बूथ थे, जो हमें दुनिया से जुड़े रहने का मौका देते थे, फिर पीसीओ आये जिनसे हम अपने प्रियजनों से दूर रहकर बात कर सकते थे।




**मोबाइल लांच होने के बाद पीसीओ हुआ गायब**– लेकिन आज विश्वसनीय इंटरनेट संचार, स्मार्टफोन और आवासीय वाईफाई जैसी तकनीकों के साथ, हम अपनी जेब में एक फोन रखकर जब चाहें जिससे चाहें, कहीं से भी किसी से बात कर सकते हैं। भारत में पीसीओ बूथ के माध्यम से एक समय में भारत में फोन करना आज की तरह आसान नहीं था। ये बूथ शहरों, गांवों और छोटे शहरों में मौजूद थे। लेकिन इनकी महत्ता आज कल फोन से लेकर सोशल मीडिया तक के तेजी से बदलते टेक्नोलॉजी के साथ खत्म होती जा रही है। पहले इन बूथ का उपयोग सबसे ज्यादा शहरों में होता था, जहां घरों में फोन कनेक्शन न होने के कारण लोग इन बूथ में फोन करने जाते थे। ये बूथ आमतौर पर पीसीओ वाले दुकानों में हुआ करते थे। इन बूथों में एक फोन, एक टेबल, एक कुर्सी और एक कैश रजिस्टर होता था।

**पहले एक सिक्का डालना होता था और नंबर घुमाकर फोन पर बात की जाती थी**– जहां जब भी किसी को फोन करना होता था तो रिसीवर उठाकर उसमें एक सिक्का डालना होता था और नंबर घुमाकर फोन पर बात की जाती थी और जब समय खत्म हो जाता था तो फोन अपने आप कट जाता था। यदि आपकी बात पूरी नहीं हुई होती थी तो दोबारा सिक्का डालकर नंबर घुमा कर बात की जा सकती थी। लेकिन वह एक बहुत खूबसूरत दौड़ था जब पैसे खत्म हो जाते थे लेकिन बातें नहीं। तब अक्सर ऐसा भी होता था फोन कट जाने पर हम जल्दी-जल्दी कहते थे कि तुम अपनी तरफ से फोन कर लो। एस टी डी और पी सी ओ का ये नजारा अब भी कुछ लोगों के दिलों में बसा हुआ है। यह एक दौर था जब फोन एक अलग अनुभव था। लोग फोन पर बात करते हुए जमीन पर बैठे होते थे और सबसे महत्वपूर्ण बात ये थी कि उनका ध्यान सिर्फ बात करने पर होता था। क्योंकि तब आज की तरह महीने भर का रिचार्ज एक साथ नहीं होता था। इसलिए महत्वपूर्ण बातें जल्दी-जल्दी खत्म करनी होती थी। दूर जाकर, लंबी लाइन में लगकर, पैसे खत्म होने के डर से जल्दी-जल्दी अपनी बात पूरी करना और बीच में अधूरी बात रह जाने पर दूसरा सिक्का डालकर बात करना यह जल्दी-जल्दी सामने वाले को कहना कि तुम अपनी तरफ से फोन करो एक अलग ही आपस में प्यार वाला दौर था। 21वीं सदी में जन्मी जनरेशन के लिए भारत में एसटीडी बूथों की कहानी किसी इतिहास से कम नहीं है। भारत में वास्तव में टेलिकॉम की शुरूआत 19वीं सदी में होने लगी थी, लेकिन 20वीं सदी में कई पड़ावों के बाद बहुत तेज रफ्तार की क्रांति 21वीं सदी में देखी गई। लैंडलाइन फोन से जब मोबाइल फोन की तरफ बदलाव हो रहा था, तब टेलिकॉम सेवाओं के सामने बड़ी चुनौती थी। मोबाइल फोन नंबरों को भी 10 अंकों का रखा गया, लेकिन इसमें भारत का आईएसडी कोड शामिल हुआ।

# अपर मुख्य सचिव का आदेश झील से हटवाये कब्जा, क्या इस आदेश का जौनपुर शहर में पालन संभव होगा?

प्रखर जौनपुर। अपर मुख्य सचिव नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,रजनीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक अधिकारियों से भारत सरकार के स्वामित्व योजनाओं के अंतर्गत घरौनी के तैयारी से संबंधित कार्य की प्रगति की समीक्षा किया। अपर मुख्य सचिव ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीमांकन कार्य को प्राथमिकता पर करते हुए निस्तारण कराएं। धारा 24 के मामलों को अभियान चलाकर निस्तारित करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव के द्वारा दिए गए, इस पर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में धारा 24 के लिए अभियान चलाया गया था आगे भी अगस्त से अभियान चलाकर सीमांकन का कार्य कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव के द्वारा भूमि मानचित्र के डिजिटाइजेशन, तालाब/झील तथा अन्य वाटर बॉडीज के स्थिति के अनुसार प्रगति की समीक्षा की और निर्देशित किया कि जिन झीलों पर कब्जा हो गया है उन्हें हटवाना सुनिश्चित करें। सोमवार को प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव नागरिक



सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग रजनीश गुप्ता जौनपुर कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक करते हुए आदेश दिया कि झील पर से कब्जे हटाए जाये। जैसा कि सरकारी विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से कहा गया है। यहां सवाल इस बात का है कि जनपद जौनपुर शहर का एक बड़ा भू-भाग झील में ही बसा हुआ है। ऐसी दशा में क्या अपर मुख्य सचिव के आदेश का अनुपालन जिला प्रशासन के हुक्मरान करा पायेंगे। या फिर अपर मुख्य सचिव का फरमान कागज के पन्नो तक सीमित रह जायेगा। अब तो देखना होगा कि अपर मुख्य सचिव के हुक्म का आगे क्या होता है? उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24, 34, 41, 80 के अंतर्गत दायर/निस्तारित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट रुप से निर्देशित किया कि 05 वर्ष से अधिक लम्बित वादों को वर्षवार विवरण बनाते हुए प्रतिदिन प्राथमिकता के अनुसार निस्तारण करें। मुख्यमंत्री के कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष के अतिरिक्त बजट की मांग के लिए शासन को पत्र प्रेषित करें। अपर मुख्य सचिव ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तहसील के अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्साधिकारी से समन्वय बनाये रखे। अपर मुख्य सचिव के द्वारा वाराणसी मंडल के जनपदों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों /आश्रितों की संख्या, आवंटित धनराशि व व्यय की जानकारी प्राप्त की और संबंधित को दिशा निर्देश दिया कि आश्रितों को निर्धारित समयानुसार पेंशन दिया जाए, इन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अविनाश मेहरोत्रा ने रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के अध्यक्ष के रूप में ली शपथ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल का 39वाँ पद ग्रहण समारोह कैंटोनमेंट स्थित एक होटल में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के एनडीआरएफ डीआईजी मनोज कुमार शर्मा थे` निवर्तमान सचिव अजीत मेहरोत्रा ने विगत वर्ष हुए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया` स्वागत पूर्व अध्यक्ष दिनेश गर्ग द्वारा किया सर्वप्रथम अविनाश मेहरोत्रा ने अध्यक्ष एवं सचिव शशि साह ने नए सचिव के रूप में शपथ ली` अध्यक्ष अविनाश मेहरोत्रा ने सदन को अपने नए बोर्ड के पदाधिकारियों के सदस्यों को परिचय एवं शपथ दिलाई` अध्यक्ष नॉमिनी अमित अग्रवाल , अध्यक्ष निर्वाचित पवन सिंह , उपाध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष अजय गौतम, सह सचिव ललित गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सीए मनोज निगम एवं निर्देशक के रूप में मनीष लोहिया, सीए सोमदत्त रघु, गोविंद कृष्णानी, संजय गुप्ता, अजय सिंह, दिनेश गर्ग, निर्मल जोशी, राजेश भाटिया, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ गौरव गुप्ता, डॉ अमित जैन, अशोक अग्रवाल, उमाशंकर अग्रवाल, संजीव महेश्वरी, रजत पाठक ने पद शपथ ली` क्लब ट्रेनर अनिल जाजोदिया, सार्जेंट एट आर्म्स चुन्नीलाल पटेल, एडिटर राजेंद्र मोहन साह एवं जनसंपर्क अधिकारी रोहित खेमका सभी ने अपना पदभार संभाला` अध्यक्ष अविनाश मेहरोत्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया की इस सत्र में क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए 10 नए सदस्यों को आज क्लब की सदस्यता दी जा रही है एवं बताया` रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल सेवा के क्षेत्र में विगत 39 वर्षों से बहुत अच्छे कार्य करता आ रहा है इस वर्ष भी क्लब रोटरी के उद्देश्य के साथ कार्य करेगा` जरूरतमंद बालिकाओं के बीच 100 साइकिल का वितरण युवाओं हेतु कौशल विकास के कार्यक्रम` नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल वाटर कूलर की स्थापना ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को चयनित कर उनको हैप्पी स्कूल स्मार्ट स्कूल बनाना , महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु रोजगार के लिए प्रशिक्षित करना ,अंध विद्यालय में मेडिकल कैंप ,वृद्ध आश्रम एवं अनाथालय में अन्नपूर्णा योजना,इस्माइल प्रोजेक्ट के अंतर्गत जरूरतमंद कन्याओं के टेढ़े मेढ़े दांतों का इलाज एवं ग्रामीण क्षेत्र में समाजिक सेवा का कार्य इस वर्ष रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा किया जाएगा` सीए शिशिर उपाध्याय ने 10 नए सदस्योंको को क्लब की सदस्यता की दिलायी शपथ।

# अधिक मास अथवा पुरुषोत्तम मास का महत्व, इस समय किए जाने वाले व्रत एवं पुण्यकारक कृतियां तथा उनका शास्त्रीय आधार!



इस वर्ष 18 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिक मास है । यह अधिक मास अधिक श्रावण मास है । अधिक मास बड़े पर्व के समान होता है । इसलिए इस माह में धार्मिक कृत्य किए जाते हैं, एवं अधिक मास महात्म्य ग्रंथ का पठन किया जाता है।

**अधिक मास का अर्थ** – चंद्र मास, सूर्य एवं चंद्रमा इनकी एक बार युति होने के समय से अर्थात एक अमावस्या से पुनः ऐसी युति होने तक अर्थात अगले माह की अमावस्या तक का काल चंद्र मास होता है। त्यौहार, उत्सव, व्रत, उपासना, हवन, शांति, विवाह आदि हिंदू धर्म शास्त्रों के सभी कार्य चंद्र मास के अनुसार अर्थात चंद्रमा की गति से निश्चित हैं। चंद्र मास के नाम उस माह में आने वाली पूर्णिमा के नक्षत्रों के अनुसार हैं। उदाहरणार्थ चैत्र माह की पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र होता है।

**सौर मास ( सूर्य मास )** : ऋतु, सौर माह के अनुसार, सूर्य की गति के अनुसार बने हुए हैं । सूर्य अश्विनी नक्षत्र से भ्रमण करते हुए फिर से उसी जगह आता है। उस कालावधि को सौर वर्ष कहा जाता है। चंद्र वर्ष एवं सौर वर्ष इनमें मेल होना चाहिए इसलिए अधिक माह का प्रयोजन है । चंद्र वर्ष 354 दिन एवं सौर वर्ष 365 दिन का होता है अर्थात इन दोनों वर्षों में 11 दिन का अंतर होता है यह अंतर भर जाए तथा चंद्र वर्ष एवं सौर वर्ष इनका मेल बैठे इसलिए लगभग 32 1/2 माह (साढे बत्तीस) के बाद एक अधिक माह मानते हैं अर्थात 27 से 35 माह के बाद एक अधिक माह आता है।

**अधिक मास के अन्य नाम** : अधिक मास को मलमास भी कहा जाता है। अधिक मास में मंगल कार्यों की अपेक्षा विशेष व्रत एवं पुण्य कारक कृतियां की जाती हैं । इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है।

**अधिक मास किस माह में आता है ?** – चैत्र से अश्विन इन 7 माह में से 1 माह अधिक मास के रूप में आता है। फाल्गुन माह भी अधिक मास के रूप में आता है। कार्तिक मार्गशीर्ष एवं पौष इन मासों को जोड़कर अधिक मास नहीं आता। इन 3 महीनों में से कोई भी एक माह क्षय हो सकता है, क्योंकि इन 3 महीनों में सूर्य की गति अधिक होने के कारण एक चंद्र मास में उसके दो संक्रमण हो सकते हैं। क्षय माह आता है तब 1 वर्ष में क्षय माह से पहले एक एवं बाद का एक ऐसे दो अधिक माह पास पास आते हैं। माघ माह अधिक मास या क्षय मास नहीं होता।

**अधिक मास में व्रत एवं पुण्य दायक कृतियां करने के पीछे का शास्त्र** : प्रत्येक माह में सूर्य 1-1 राशि में संक्रमण करता है परंतु अधिक मास में सूर्य किसी भी राशि में संक्रमण नहीं करता अर्थात अधिक मास में सूर्य संक्रांति नहीं होती। इस कारण चंद्र एवं सूर्य इनकी गति में फर्क पड़ता है एवं वातावरण भी ग्रहण काल के समान परिवर्तित होता है । इस परिवर्तित होते अनिष्ट वातावरण का प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर ना हो इसलिए इस माह में व्रत एवं पुण्य दायक कृतियां करनी चाहिए ऐसा शास्त्र कारों ने कहा है।

**अधिक मास में किये जाने वाले व्रत एवं पुण्य कारक कृतियाँ** : अधिक माह में श्री पुरुषोत्तम प्रीत्यर्थ 1 माह उपोषण, आयाचित भोजन, (अकस्मात किसी के घर भोजन के लिए जाना ) नक्त भोजन, दिन में भोजन न कर, केवल रात्रि को ही एक बार भोजन करना अथवा एक भुक्त अर्थात दिन भर में एक ही बार भोजन करना। कमजोर व्यक्ति को इन चार प्रकारों में से किसी एक प्रकार का कम से कम 3 दिन अथवा एक दिन पालन करना चाहिए। प्रतिदिन एक ही समय भोजन करना चाहिए ।भोजन करते समय बोलना नहीं चाहिए । उससे आत्म बल की वृद्धि होती है। मौन भोजन करने से पाप क्षालन,अर्थात पाप नष्ट होते हैं। तीर्थ क्षेत्रों में स्नान करना चाहिए। कम से कम एक दिन गंगा स्नान करने से सभी पाप कर्मों की निवृत्ति होती है। इस संपूर्ण माह में दान करना संभव ना हो, तो शुक्ल एवं कृष्ण द्वादशी, पूर्णिमा, कृष्ण अष्टमी, नवमी चतुर्दशी, अमावस्या इन तिथियों को एवं व्यतिपात, वैधृति इन योगों पर विशेष दान धर्म करना चाहिए, ऐसा शास्त्रों में बताया गया है। इस माह में प्रतिदिन श्री पुरुषोत्तम कृष्ण की पूजा एवं नाम जप करना चाहिए । अखंड अनुसंधान में रहने का प्रयत्न करना चाहिए। दीपदान करना चाहिए। भगवान के पास अखंड दीप जलाने से लक्ष्मी प्राप्ति होती है। तीर्थ यात्रा करनी चाहिए। देव दर्शन करना चाहिए। तांबूल दान करना चाहिए 1 माह तांबूल दान करने से सौभाग्य प्राप्ति होती है। गौ पूजन करना चाहिए। गाय को गोग्रास (भोजन) देना चाहिए। अपूप अर्थात अनरसे का दान करना चाहिए।

**अधिक मास में कौन से काम करने चाहिए** : इस माह में नित्य एवं नैमित्तिक कर्म करने चाहिए। जो किए बिना नहीं रह सकते ऐसे कार्य करने चाहिए । अधिक माह में सतत नाम स्मरण करने से श्री पुरुषोत्तम कृष्ण प्रसन्न होते हैं। ज्वर शांति ,पर्जन्येष्टी आदि काम्य कर्म करने चाहिए। इस माह में भगवान की पुनःप्रतिष्ठा की जा सकती है। ग्रहण श्राद्ध, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन आदि संस्कार किए जा सकते हैं। मन्वादि एवं युग आदि संबंधी श्राद्ध कृत्य करने चाहिए। तीर्थ श्राद्ध, दर्श श्राद्ध, एवं नित्य श्राद्ध करना चाहिए। नारायण नागबलि, त्रिपिंडी इस तरह के कर्म गंगा, गोदावरी, गया तीर्थ इन स्थानों पर किए जा सकते हैं। अधिक मास में कौनसे कार्य नहीं करने चाहिए? : रोज के काम्य कर्मों के अतिरिक्त अन्य काम्य कर्मों का आरंभ एवं समाप्ति नहीं करनी चाहिए। महादान, अपूर्व देव दर्शन (अर्थात जहां पहले नहीं गए हैं) गृहारंभ ,वास्तुशांति संन्यास ग्रहण नूतन व्रत ग्रहण दीक्षा विवाह, उपनयन, चौल, देव प्रतिष्ठा आदि कार्य नहीं करने चाहिए। अधिक माह में जन्मदिन आने पर क्या करना चाहिए ? : किसी व्यक्ति का जन्म जिस माह में हुआ है वही माह अधिक मास होने पर उस व्यक्ति का जन्मदिन निज माह में करना चाहिए। उदाहरणार्थ वर्ष 2022 श्रावण माह में जिस बालक का जन्म हुआ है उसका जन्म दिवस इस वर्ष श्रावण अधिक मास में ना करके निज श्रावण माह में उस तिथि को करना चाहिए । इस वर्ष अधिक श्रावण माह में जिस बालक का जन्म होगा, उसका जन्म दिवस प्रतिवर्ष श्रावण माह में उस तिथि को मनाना चाहिए।

**अधिक मास होने पर श्राद्ध कब करना चाहिए?** : जिस माह में व्यक्ति का निधन हुआ है, उसका वर्ष श्राद्ध यदि अगले वर्ष अधिक मास आता है तो प्रथम वर्ष श्राद्ध अधिक माह में ही करना चाहिए । उदाहरणार्थ शक 1944 वर्ष 2022 श्रावण माह में जिस व्यक्ति का निधन हुआ होगा उस व्यक्ति का प्रथम वर्ष श्राद्ध शक 1945 अर्थात इस वर्ष अधिक श्रावण माह में उस तिथि को करना चाहिए । केवल इसी वर्ष ऐसा करना चाहिए क्योंकि वर्ष 2022 के श्रावण माह में निधन हो गया व्यक्ति का वर्ष श्राद्ध 12 मास इस वर्ष अधिक माह में पूर्ण होंगे। जिस समय अधिक मास नहीं होगा, तब वर्ष श्राद्ध उसी तिथि को करना चाहिए। शक 1944 के श्रावण माह में जिनकी मृत्यु हो गई है उनका प्रथम वर्ष श्राद्ध शक 1945 के अधिक श्रावण माह की उस तिथि को करना चाहिए। हर वर्ष के श्रावण माह के प्रति सांवत्सरिक श्राद्ध अर्थात वार्षिक श्राद्ध निज श्रावण माह में करना चाहिए परंतु पहले के अधिक श्रावण माह में जिनकी मृत्यु हुई है उनका प्रति सांवत्सरिक श्राद्ध इस वर्ष अधिक श्रावण माह में करना चाहिए। गत वर्ष (शक 1944 के) भाद्रपद,अश्विन इन माहों में जिनकी मृत्यु हुई है उनका प्रथम वर्ष श्राद्ध उस माह की उसी तिथि को करना चाहिए। इस वर्ष अधिक श्रावण अथवा निज श्रावण माह में मृत्यु होने पर उनका प्रथम वर्ष श्राद्ध अगले वर्ष श्रावण माह में उसी तिथि को करना चाहिए।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

## जन जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना




प्रखर जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के क्रम में सोमवार को एक जन जागरुकता रैली निकाली गयी । जिसमे यातायात पुलिस जौनपुर, सम्भागिय परिवहन विभाग, सवास्थ विभाग, परिवहन निगम, तथा शिक्षा विभाग जौनपुर के तत्वाधान में संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेड परिसर से निकाली गयी। रैली को मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर बृजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामिण जौनपुर शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात देवेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप कुमार गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, सम्भागिय परिवहन अधिकारी आर सी श्रीवास्तव , संभागीय परिवहन निरीक्षक ए के श्रीवास्तव, व निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। जो कलेक्ट्रेट से निकलकर सिविल लाइन तिराहा, से अंबेडकर पानी की टंकी तिराहा से गाँधी चौक होते हुये जालॉन्स टी.बी. हास्पिटल से मातापुर होते हुये आर.टी.ओ आफीस पर समाप्त हुयी, वहीं पर कुअर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल के 250 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्त्रित जानकारी दी गयी तथा उनको अपने नजदीकी 10 लोगों को इसके प्रति जानकारी देने के लिए शपथ दिलाया गया। उक्त रैली में शासकीय/ प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ सम्भागिय परिवहन विभाग के कर्मी, व परिवहन निगम के कर्मी के साथ-साथ पुलिस विभाग, समस्त टी0एस0आई0 व यातायात पुलिस कर्मी, होमगार्ड के जवान, व फामेर्सी के छात्र/छात्राओं के द्वारा भाग लेते हुए पम्पलेट, पोस्टर बैनर के माध्यम से आम जन मानस को यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया । साथ ही प्रचार प्रसार वाहन को शहर के अनेक क्षेत्रों में भ्रमण कराकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कार्यकर्ताओं संग किया सहभोज, टिफिन बैठक संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सबका साथ सबका विकास संकल्प के तहत प्रधानमंत्री के 9 वर्ष कार्यकाल पूरे होने के उपरांत भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत रविवार को टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल जिला स्तर पर हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ टिफिन बॉक्स के साथ पहुंचे और कार्यकताओं के साथ सहभोज कर कार्यकताओं का जोश बढ़ाया। बताते चलें की 9 वर्ष का कार्यकाल पूरे होने पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमुख समाजसेवी संगठनों, प्रमुख उद्यमियों सहित हम आम जनमानस के बीच प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यो के बारे में अवगत करा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने बूथ स्तर के कार्यकताओं को मजबूत करने में जुट गए हैं। इस अवसर पर एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि प्रधानमंत्री की नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। पूरा विश्व अब भारत को विश्व गुरु के रूप में देख रहा है ।भारत को मजबूत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री द्वारा लिए हुए कड़े फैसलों को विरोधी दलों द्वारा खूब विरोध किया गया।



लेकिन उन्हें कड़े फसलों की वजह से आज प्रधानमंत्री को पूरे भारतवासी गौरव के रूप में देखते हैं। देशवासी यह मान चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो वोट बैंक के लिए काम नहीं करती।भारतीय जनता पार्टी जन कल्याण की भावना से और भारत को मजबूत करने के दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी वर्ष 24 की चुनावी तैयारी को लेकर लगातार काम कर रही है।

# पुलिस द्वारा अभियुक्तों से मिलकर साक्ष्य विनष्ट करने का लगाया आरोप

प्रखर वाराणसी। सुरेन्द्र बहादूर सिंह पुत्र स्व0 बृजमोहन सिंह (निडर) ने पुलिस पर साक्ष्य मटाने का आरोप लगाया है। सुरेन्द्र ने आरोप लगाया है कि बड़े भाई कालेन्द्र बहादूर सिंह निवासी सी.के 64/16 आदर्श विद्या केन्द्र हिरापुरा जालपा देवी रोड थाना चौक जनपद वाराणसी के तात्कालीन (वर्तमान) निवासी थे जिनकी मृत्यु दिनांक 16/06/2023 को सदिग्ध अवस्था में हो गई प्रार्थी को सन्देह है कि उनकी हत्या की गई है। दिनांक 16.06.2023 को जब प्रार्थी को एक माध्यम से सूचना मिली की आपके बड़े भाई की मौत हो गई है तो प्रार्थी ने पता लगाया तो ज्ञात हुआ कि प्रार्थी के भाई कालेन्द्र बहादूर सिंह की मृत्यु हो चुकी है और उनके शव को प्रार्थी के मझले भाई महेन्द्र बहादूर सिंह अपने घर ले गये हैं। जब वे महेन्द्र बहादूर सिंह के घर पहुँचे तो शव से बदबू आ रहा थी। साथ ही लाश के सर में से खून निकल रहा था। और सर पर खून रोकने हेतु कपड़ा बाधा गया था। कपड़े का रंग सफेद था। आरोप लगाने वाले सुरेंद्र ने मौके पर पहुँच कर पोस्टमार्टम कराने हेतु कहा तो वहा उपस्थित महेन्द्र बहादूर सिंह, उनका लड़का हृदय गांधी, विमाशुं व सौरभ उनपर भड़क गये। आरोप है कि उक्त लोगो ने तत्काल शव को ले जाकर घाट पर जला दिया। सुरेन्द्र का कहना है कि महेन्द्र बहादूर सिंह व उनके परिवारजन की एक्टिविटी संदेह परक है, यदि मृतक के वर्तमान निवास स्थान पर घटना स्थल का वर्तमान सी.सी.टी.वी फूटेज की जाँच करवा ली जाये तो वास्तविकता ज्ञात हो जायेगी कि प्रार्थी के बड़े भाई को हत्या की गई है कि नार्मल मौत हुई है। सुरेंद्र ने पुलिस कमिश्नर से निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया है।

## श्रद्धालुओं को सपाईयों ने बॉटा फलाहार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्रावण मास के दुसरे सोमवार को भी सपाईयो ने श्रद्धालुओ को फलाहार बॉटा सपा नेता लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू के नेतृत्व मे बॉसफाटक मे वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा ने कावड़ यात्रा पर निकले कॉवरियो तथा श्रद्धालुओ को फलाहार मे तला आलू एवं पकौड़ी वितरीत किया` श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सपा नेता लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू श्रद्धालुओ को फलाहार वितरीत करते है। फलाहार वितरण करने वालो मे प्रमुख रूप से लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू, पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मुजीब भाई, राहूल यादव, बबलू तिवारी, बलवंत सिंह, डब्लू चौबे, शानू मालवीय, कमल तिवारी अंबरीश जायसवाल, बल्ली गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# विद्यालय में मनाया गया भू-जल सप्ताह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जल ही जीवन है जल की हर एक बूंद कीमती है और इसे बचाना नितांत आवश्यक है जल बचाने के लिए महाबोधि इण्टर कॉलेज ,सारनाथ में प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि आप सभी भूजल के गिरते स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं आप जागरूक हो एवं दूसरे को भी जागरूक करें ` इस अवसर पर उपस्थित इंजीनियर राहुल शर्मा सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट भूगर्भ जल विभाग ने छात्रों को संबोधित करते हुए जल की महत्ता के बारे में बताया और भूजल सप्ताह (16 से 22 जुलाई 2023) के अनुक्रम में भूजल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जल संकट को दूर करने के लिए विद्यालय के पुरातन छात्र विनोद कुमार पांडेय (लैब सहायक, जल परीक्षण प्रयोगशाला, उ. प्र. जल निगम) ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं भूजल की महत्ता को बताते हुए सभी विद्यार्थियों को इसके लिए शपथ दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक ब्रह्मदेव पांडेय , रामानंद सिंह यादव, शैलेश बनरवाल, गंगाराम सिंह यादव, डॉ धन्वंतरि रत्नेश कुमार सिंह, आशा यादव, अंकुर अनिल सोनकर, अशोक सोनकर आदि के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका बहनें एवं कर्मचारी तथा अधिक मात्रा में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# रोटरी क्लब विंध्याचल द्वारा स्वस्थ शिशु सशक्त भारत कार्यक्रम संपन्न

प्रखर मिजार्पुर। रोटरी इंटरनेशल के मासिक कार्यसूची के अंतर्गत जुलाई माह को मातृ एवम शिशु स्वास्थ्य माह के रूप में मनाया जाना है। इसी कड़ी में रोटरी क्लब विंध्याचल द्वारा स्वस्थ शिशु सशक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के मंडलीय महिला चिकित्सालय में भर्ती करीब 80 नवजात शिशुओं के लिए उनकी माताओं को ब्रांडेड बहुउपयोगी बेबी किट का वितरण किया गया जिसमें बेबी ऑयल, बेबी शैम्पू, बेबी सोप, बेबी पावडर इत्यादि सामग्री थी । अपने नौनिहालों के लिए बेहतरीन उपहार पाकर माताओं के चेहरे खिल उठे। इसी के साथ क्लब द्वारा अस्पताल परिसर में माताओं के स्तन पान कराने हेतु प्रेरित करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता बोर्ड की स्थापना भी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुनील बंसल एवम डिस्ट्रिक फर्स्ट लेडी रोटेरियन मनीषी बंसल रहे। कार्यक्रम उपरान्त रोटरी क्लब विंध्याचल के अध्यक्ष रोटेरियन सुशील झुनझुनवाला ने अस्पताल के प्रमुख अधिकारियों सहित अतिथियों को अंगवस्त्रम, पुष्प गुच्छ एवम उपहार भेंट कर सम्मानित किया एवम उपस्थित क्लब मेंबरों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब विंध्याचल हमेशा समाज सेवा के कार्य और जरूरतमंदो की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम प्रभारी रोटेरियन श्री मती नीलू सिंह ने भर्ती महिलाओं को स्तन पान के लाभ से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव उदय गुप्ता, सह मंडलाध्यक्ष गौरी अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मनीष सर्राफ, राजेंद्र नाथ अग्रवाल, अजय जायसवाल, सुशील सिंह, संजय सिंह गहरवार, संदीप जायसवाल, श्री गोपाल सोनी, सूर्यभूषण गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, अमित सिंह, जय प्रकाश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, शंभू गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता, शुभम जायसवाल, सत्यम गुप्ता , प्रखर गुप्ता आदि रोटरी एवम रोटरेक्ट मेम्बर उपस्थित रहे।

## पुलिस मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गयी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने सुनाई 10साल की सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा थाना मरदह पर पंजीकृत मु0अ0सं0 551/2014 धारा 363, 366, 376, 504, 506 भादवि व 4 पाक्सो एक्ट* से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त विरेन्द्र राजभर पुत्र चाँददेव निवासी सराय हैदरगंज थाना मरदह जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 17 जुलाई 23 को माननीय न्यायालय गाजीपुर द्वारा 4 पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का कारावास व 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, जिसमे अर्थदण्ड की 80 % धनराशि पीड़िता को प्रदान की जायेगी।

# राष्ट्रीय सचिव द्वारा दिल्ली के कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई




प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी गिरीश तिवारी आज वाराणसी में आसका होटल पाण्डेय हवेली पर सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर बासु जी के नेतृत्व में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऐतिहासिक कार्यक्रम देश के राशन डीलरो का होने जा रहा है। इसमें देश के सभी प्रदेशों के राशन डीलरो के प्रतिनिधि भाग लें रहे हैं।इस कार्यक्रम में देश हर प्रदेश से लोकसभा राज्यसभा सांसद महोदय भी भाग लेंगे।और राशन डीलरो की समस्या को मानसून सत्र मे उठायेंगे। इसके उत्तर प्रदेश के 600 राशन डीलर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी तैयारी व समीक्षा किया गया। वाराणसी से भी सभी पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में अजय जायसवाल प्रदेश सचिव महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल कल्लू लक्ष्मी पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार जिला सचिव सुनील जायसवाल दिलीप गिरि ब्लाक अध्यक्ष हरिशंकर यादव ब्लाक अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया सम्पर्क से समर्थन के तहत जखनिया में डोर टू डोर जनसंपर्क




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज भाजपा मंडल जखनिया के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पूरे होने पर जखनियां बाजार के बूथ संख्या 203, 204 पर डोर टू डोर जनसंपर्क करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिये 9090902024 पर मिस्डकॉल के लिये आग्रह किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा की भाजपा सरकार ने 9 साल में मोदी के नेतृत्व में भारत में कीर्तिमान प्रतिमान स्थापित किया है। वर्मा ने कहा भाजपा पार्टी के मूल मंत्र अंत्योदय के द्वारा गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन वितरण किया, वही 3 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर मिला। लगभग 12 करोड घरों में नल से जल पहुंचा और 100% हर घरों में बिजली पहुंची। 48.3 करोड़ लोगों का जनधन खाते खोले गए। भारत का किसान सशक्त और समृद्ध बना, मोदी जी ने हर साल किसानों को 6000 सालाना आर्थिक मदद का प्रावधान कर किसान सम्मान निधि दिया। नारी तू नारायणी के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण भारत में हुआ और पहली बार पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का अनुपात अधिक हुआ। हर गरीब के घर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 10करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए, वही लगभग 12करोड शौचालयों का निर्माण हुआ। निरोगी जीवन सबका अधिकार के तहत भारत में लगभग 11करोड़ परिवारों को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा का कवरेज मिला। भाजपा ने मध्यमवर्ग के लोगों का जीवन आसान किया सात लाख तक की आय पर फुल टैक्स रिबेट एवं जीएसटी लाकर व्यापारियों को कई टैक्सों से मुक्ति दिलाया। वर्मा ने कहा आज का भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, कोरोना काल में अपने अपने वैक्सीन बनाकर भारत ने विश्व में अपना लोहा मनवाया। भारत की सुरक्षा मजबूत हुई 2014 के बाद जो देश के अनेक हिस्सों में आतंकवादी घटनाएं घटती थी, बम विस्फोट होता था, वह बंद हुआ। धारा 370 हटाया गया कश्मीर में खुशहाली लाया गया। डिजिटल लेनदेन में भारत विश्व में नंबर-1 बना। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विकास हुआ, सांस्कृतिक विरासत का नया युग शुरू हुआ और अयोध्या में श्रीराम राम जन्मभूमि मंदिर तथा काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकाल मंदिर में भव्य का कॉरिडोर का निर्माण हुआ। भाजपा ने हर वर्ग, समाज, शोषित, वंचित, दलित, आदिवासी के लिए काम किया और देश में खुशहाली लाई। वर्मा ने कहा भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ एनडीए के दम पर 2024 में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेंगी और पुनः मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, महामंत्री पीयूष सिंह, धर्मवीर राजभर, रामाश्रय पांडेय, अजय विक्रम सिंह, शिव शंकर चौहान, प्रशांत सिंह, विजय गुप्ता, रविकांत, अशोक गुप्ता, संजय चौहान, राजेश जायसवाल सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## 19 जुलाई को हथियाराम मठ में प्रवास करेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत 19 जुलाई को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सिद्धपीठ हथियाराम मठ में प्रवास करेंगे। महंत स्वामी भवानीनंदनयति ने यह जानकारी सोमवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होने बताया कि सिद्धपीठ हथियाराम मठ में बुढ़िया माई की कृपा से आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। जिसके चलते साधू-संत महामंडलेश्वर भी यहां पर प्रवास करते आ रहे हैं। उन्होने बताया कि प्रवास के दौरान मोहन भागवत जी चतुर्मास महायज्ञ में पूजापाठ करेंगे। इसके बाद नौ ग्रह वाटिका की स्थापना कर पौध लगाएंगे। इस अवसर पर अक्षय वट, चंदन, रुद्राक्ष आदि अनेक दुर्लभ प्रजाति के पौधरोपण किये जायेंगे। उन्होने बताया कि सन्यासी धर्म में विदेश यात्रा, राजनैतिक पद पर कार्य करने की एकदम मनाही है। इसलिए वह कभी भी राजनीति में नही आएंगे और न ही कोई चुनाव लड़ेंगे। उन्होने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म है। देश को जरुरत पड़ेगी तो वह जान देने लिए सबसे पहले सबसे आगे खड़े रहेंगे। उन्होने बताया कि लगभग तीन दशकों से केवल फलाहार का ही सेवन किया है। रोटी, दाल, चावल, सब्जी खाये हुए लगभग तीन दशक हो गये हैं। हथियाराम मठ के मठाधीश के लिए बहुत ही कड़े नियम बनाये गये हैं जिसका सअक्षर पालन किया जाता है। उन्होने बताया कि श्रीराम ने मानवता के धर्म को अपनाकर पूरे विश्व में एक मिसाल प्रस्तुत किया है। उन्होने बताया कि 20 जुलाई को संघ प्रमुख पूजापाठ के बाद कुछ समाजसेवियों को सम्मानित करेंगे और श्रद्धालुओं को सम्बोधित भी करेंगे। संघ की ओर से जारी प्रोटोकाल के अनुसार सरसंघचालक डा. मोहन जी भागवत 19 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे वाराणसी लंका कार्यालय से हथियाराम मठ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल्स ने गर्भवती महिलाओं एवं शिशु देखभाल कार्यक्रम के तहत उच्च पौष्टिक भोजन के 150 पैकेट का किया वितरण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल्स ने मातृ एवं शिशु देखभाल पर एक कार्यक्रम किया` सामुदायिक चिकित्सालय शिवपुर में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण किया गया स्थानीय डॉ. प्रतिभा सिंह एवं डॉ. मनोज दुबे ने स्वस्थ मां-स्वस्थ बच्चा के टिप्स दिये` अध्यक्ष कुशाग्र अग्रवाल,सचिव रितेश टिबरेवाल और कोषाध्यक्ष अभिनव पांडे ने सभी गर्भवती महिलाओं का स्वागत किया` रोटरी इंटरनेशनल ने जुलाई माह को मातृ एवं शिशु देखभाल के लिए समर्पित किया है और इसी मार्गदर्शन के तहत रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल्स ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है रोटरी रॉयल्स को 2022-23 में चार्टर्ड किया गया था और इसमें वाराणसी के विशिष्ट 90 सदस्य हैं जो सामुदायिक सेवा की अपनी जिम्मेदारी के लिए समर्पित हैं` कार्यक्रम का संचालन स्तुति अग्रवाल, रीना टिबरेवाल एवं शैली सेठ ने किया` कार्यक्रम में प्रेसिडेंट इलेक्ट निशांत नेवार, वाइस प्रेसिडेंट वरुण मुंदड़ा, शशांक अग्रवाल, गरिमा शाह, उर्वशी सहलोत, पारुल अग्रवाल, ईशा धवन, कौशिक सहलोत मनु धवन, विवेक शाह, आलोक पिपलानी, पुलकित रस्तोगी, अंकित जाजोदिया मौजूद रहे।

## साइबर हेल्प डेस्क द्वारा आवेदक के एकाउन्ट में वापस कराए रूपए



प्रखर जौनपुर। शाहगंज पुलिस साइबर हेल्प डेस्क द्वारा आवेदक के एकाउन्ट में 70 हजार रुपये वापस काराया गया। प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी थाना शाहगंज के कुशल मार्गदर्शन में आवेदक अनील यादव शिहोर भावनगर गुजरात का आनलाइन 8 दिसंबर 2022 को 70 हजार रुपये कट गये थें जिसकी सूचना थाना शाहगंज पर प्राप्त हुई जिसके बाद थाना शाहगंज में साइबर हेल्प डेस्क पर सी सीटीएनएस प्रभारी कम्प्यूटर आपरेटर नीरज शर्मा ग्रेड ए द्वारा तत्परता से छानबीन करते हुये गुजरात पुलिस से सम्पर्क कर एंव उनकी मदद से आवेदक अनिल यादव के एकाउन्ट में 70 हजार रुपये वापस काराया गया। जिससे गुजरात पुलिस व आवेदक द्वारा शाहगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया जा रहा है। साइबर हेल्प डेस्क नीरज कुमार शर्मा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए द्वारा बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति का आन लाइन फ्राड हुआ है तो 24 घण्टे अंदर टोल फ्री न 1930 पर कम्पलेन दर्ज कराये और अगर 24 घण्टे से ऊपर हो गये है तो आन लाइन अपनी कम्पलेन दर्ज करा सकते है। साइबर कम्पलेन के फ्राड होने पर किसी हेल्प के लिए थाना शाहगंज सीसीटीएनएस पर कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए नीरज शर्मा के मोण्नण 8318219815 पर सम्पर्क कर जानकारी ले सकते है।

## विजयी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रामचन्द्र सिंह

प्रखर कुशीनगर। वेटरन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ( किसान मोर्चा) व भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह द्वारा जनपद कुशीनगर में लगातार किसान हित एवं जनहित में संघर्षरत रहने के कारण एवं इनके अच्छे व्यक्तित्व और कार्यों को देखते हुए आज दिनाँक 17 जुलाई 2023 को बिहार की राजधानी पटना के आई0 एम0 ए0 हाल में विजयी संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनयन किया गया है। मनोनयन पत्र सौपते हुए विजयी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय देव सेना ने बताया कि, रामचन्द्र सिंह एक कर्मयोद्धा और कर्मशील व्यक्तित्व के धनी है इनके अच्छाइयों के विषय में जितना कहा जाय वह कम है। यह जिस कार्य मे लग जाते है उसको पूरा किये बिना चुप नही बैठते है। इनकी यही छवि इनकी पहचान को और मजबूत बनाती है। वही विजयी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बालकिशन यादव ने बताया कि, जनपद कुशीनगर में किसानों के मुद्दे पर कोई किसान नेता संघर्ष कर रहा है तो उसका नाम है रामचन्द्र सिंह। इस मौके पर वीर सिंह चौहान दिल्ली , लालचंद यादव हरियाणा और राकेश कुमार, बिहार के साथ साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक संस्था आइडियल वूमेन ने दुल्हन साज-सज्जा प्रतियोगिता का किया आयोजन




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सामाजिक संस्था आइडियल वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में रामा गार्डन भुल्लनपुर में दुल्हन साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम मिताली, द्वितीय ज्योति कुमारी और तृतीय चंदा पांडेय रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजीता सिंह और शीला चतुवेर्दी रही। जिन्होंने छात्राओं के कार्यों को सराहते हुए उन्हें मोमेंटो और प्रमाण पत्र वितरित किया। संस्था सचिव बीना सिंह ने बताया कि शाखा जलाली पट्टी में पूजा पटेल के माध्यम से ब्यूटीशियन का कोर्स करवाया गया और प्रतियोगिता के बाद प्रमाणपत्र वितरण किया गया। संस्था में उत्तम कार्य करने वाली प्रशिक्षिका सीमा वर्मा,सुमन विश्वकर्मा,सरस्वती देवी,लिपिका सेन,साधना कश्यप,नीतू पटेल, सुनीता देवी व अनिता देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## नहाते समय युवक नदी में डूबा, परिजनों में कोहराम, गोताखोर नदी में कर रहे हैं तलाश

प्रखर जौनपुर। केराकत कोतवाली के बेलांव घाट पर नहाते समय नवयुवक डूबने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नदी से युवक अभी तक नहीं मिला है। सूचना पर केराकत कोतवाली प्रभारी बिलाव घाट पर पहुंचकर युवक की खोजबीन करवा रहे हैं घाट पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बन गया है। जफराबाद थाना के सखुहीं गांव निवासी शौकत का पुत्र सिरताज 22 वर्ष अपने मामा के घर से अपने मम्मी को दवा पहुंचा कर घर वापस लौट रहा था। इसी बीच बेलाव घाट के पास रामपुर निवासी अपने दोस्त मेराज के साथ नदी में नहाने के लिए चला गया। नहाते समय उसका दोस्त मेराज डूबने लगा, जिसको सिरताज ने निकालने के लिए गहरे पानी में चला गया उसका दोस्त मेराज तो बच गया लेकिन सिरताज डूब गया। जैसी ही सूचना सिरताज के मामा के घर पहुंचा परिजनों में हड़कंप मच गया युवक की मां समेत अन्य परिजन घाट पर पहुंचे सूचना केराकत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव को लगी तो मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से नदी में तलाश शुरू कराया।

एक अध्ययन में हुआ खुलासा

# प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में मददगार चैटजीपीटी



■ न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।


एक स्टडी के अनुसार, ओपन एआई का चैटजीपीटी उन कर्मचारियों के लिए प्रोडक्टिविटी बढ़ाने में मदद कर सकता है, जिन्हें कवर लेटर लिखने, डेलिकेट ईमेल और कॉस्ट बेनिफिट एनालिसिस जैसे कार्य सौंपे गए हैं।

अमेरिका में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के शोधकर्ताओं ने पाया कि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लाभ पर्याप्त हैं। उन्होंने नोट किया कि चैटजीपीटी ने वर्क टाइम में 40 प्रतिशत की कमी की, और उनके आउटपुट क्वालिटी में 18 प्रतिशत की वृद्धि की। टीम का मानना है कि जर्नल साइंस में प्रकाशित स्टडी लोगों को चैटजीपीटी जैसे एआई टूल के वर्कफोर्स पर पड़ने वाले प्रभाव को समझने में मदद कर सकता है। एमआईटी के अर्थशास्त्र विभाग में डॉक्टरेट छात्र शेक्ड नोय ने कहा, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि जेनेरेटिव एआई के व्हाइट कॉलर के काम पर बड़ा प्रभाव पड़ने वाला है। नोय ने कहा, हमारे स्टडी से पता चलता है कि इस तरह की टेक्नोलॉजी का व्हाइट कॉलर के कामों में महत्वपूर्ण उपयोग है। यह एक उपयोगी टेक्नोलॉजी है, लेकिन अभी भी यह बताना जल्दबाजी होगी कि यह अच्छा होगा या बुरा, या वास्तव में यह सोसाइटी को कैसे समायोजित करेगा। स्टडी में, शोधकर्ताओं ने 453 कॉलेज-एजुकेटेड मार्केटेर्स, ग्रांट राइटर्स, कंसलटेंट, डेटा एनालिस्ट, ह्यूमन रिसोर्स प्रोफेशनल्स और मैनेजर्स को उनके बिजनेस से संबंधित दो राइटिंग टास्क दिए। 20 से 30 मिनट के टास्क में कवर लेटर लिखना और ऑर्गेनाइजेशन रिस्ट्रक्चरिंग के बारे में ईमेल जैसे काम शामिल थे। प्रत्येक पार्टिसिपेंट के समान बिजनेस में एक्सपीरियंस प्रोफेशनल्स ने प्रत्येक सबमिशन का मूल्यांकन इस तरह किया जैसे कि वे किसी वर्क सेटिंग में इसका सामना कर रहे हों।

■ चैटजीपीटी ने वर्क टाइम में 40 प्रतिशत की कमी की और उनके आउटपुट क्वालिटी में 18 प्रतिशत की वृद्धि की

मूल्यांकनकर्ताओं को यह नहीं पता था कि चैटजीपीटी की मदद से कौन से सबमिशन बनाए गए हैं। आधे पार्टिसिपेंट्स, जिन्हें चैटबॉट चैटजीपीटी-3.5 तक एक्सेस दिया गया था, ने अपने कार्यों को कंट्रोल ग्रुप की तुलना में 11 मिनट तेजी से पूरा किया, जबकि उनके औसत गुणवत्ता मूल्यांकन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डेटा से यह भी पता चला कि कर्मचारियों के बीच परफॉर्मेंस असमानता कम हो गई, जिसका मतलब है कि जिन कर्मचारियों को पहले कार्य में निम्न ग्रेड प्राप्त हुआ, उन्हें दूसरे कार्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करने से अधिक लाभ हुआ। नोय ने कहा, त्एक्सपेरिमेंट में साबित हुआ कि यह काम का स्पीड बढ़ाता है। फैक्ट-चेकिंग करने और संकेत लिखने में टाइम लगता है।

# रजनीकांत की 'जेलर' के गाना हुकुम का टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर के गाना हुकुम का टीजर रिलीज हो गया है। हाल ही में फिल्म जेलर का गाना 'कावाला' रिलीज किया गया था। अब नये गाने 'हुकुम' का टीजर रिलीज किया गया है। टीजर में रजनीकांत को जेल से बाहर निकलते हुए देखा जा सकता है। उनके आसपास गन और रिवाल्वर रखी नजर आ रही है। इस गाने का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। उन्होंने ट्विटर पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, हुकुम का टीजर जारी कर दिया गया है। रजनीकांत के धमाके भी के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म जेलर के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं। फिल्म जेलर में रजनीकांत, शिव राजकुमार, रम्या कृष्णन, योगी बाबु, वसंत रवि और विनायकन नजर आएंगे। दक्षिण भारतीय स्टार मोहनलाल इस फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस के तौर पर दिखेंगे। जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म जेलर इस साल 10 अगस्त को रिलीज होगी।

# राकेश मिश्रा का गाना 'शिवाला हमरा गांव' के रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना 'शिवाला हमरा गांव के' टीसीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। गाना शिवाला हमरा गांव के को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि आदिशक्ति देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मेरा और एक गाना उन्हें और उनके श्रद्धालुओं को समर्पित है। इस गाने में भगवान भोलेनाथ को गांव वासी अपने गांव में स्थित शिवालय में इस सावन के महीने में बुला रहे हैं। गाने के इस थीम के साथ हमने दर्शकों को मनोरंजन और शिव वंदन के लिए इस संगीत को तैयार किया है। यही वजह है कि लोग इन्हें सुन भी रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं। सावन के महीने में देवघर जा रहे कांवरिया भी इस गाने को खूब एंजॉय कर रहे हैं।

# भगवान शिव का ऐसा मंदिर जहां सावन में होता है पटबंद

■ मुजफ्फरपुर (आईएएनएस)।

आम तौर पर भगवान शिव के अतिप्रिय माने जाने वाले श्रावण महीने में सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक ऐसा मंदिर भी है जहां इस श्रावण महीने में एक भी भक्त नहीं होते हैं, बल्कि बागमती नदी की धारा यहां जलाभिषेक करती है। जिन भक्तों को इस महीने पूजा करनी होती है वे वहां जाकर बागमती में ही जल छोड़ देते हैं।

दरअसल, मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड के धनोरा गांव के पास स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर बागमती नदी के बीच में स्थित है, जहां सावन महीने में बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद मंदिर पानी में डूब जाता है। वैसे, बाबा धनेश्वर नाथ का मंदिर की काफी मान्यता है। यहां आसपास के क्षेत्रों, जिलों के अलावा नेपाल से भक्त पूजा करने आते हैं। मंदिर के पुजारी शंकर कुमार उर्फ दानी बताते हैं कि यह मंदिर काफी प्राचीन है। बचपन से मंदिर की सेवा में लगे दानी ने कहा कि कहा जाता है कि इस मंदिर के शिवलिंग को एक बार नदी से बाहर किनारे स्थापित करने की कोशिश हुई थी, लेकिन शिवलिंग का अंतिम छोर का पता ही नहीं चला। उन्होंने बताया कि पहले यह मंदिर छोटा था, लेकिन फिर स्थानीय लोगों की मदद से फिर बड़ा मंदिर बनाया गया। उन्होंने बताया कि यहां भगवान शिव छह महीने जल शयन में रहते हैं और मंदिर का पट बंद कर दिया जाता है।

■ बागमती नदी की धारा यहां करती है जलाभिषेक

पुजारी का कहना है कि भक्तों को यहां आने के लिए नाव ही सहारा है। पानी कम होने के बाद लोग यहां चचरी पुल के सहारे भी पहुंचते हैं। पुजारी बताते हैं कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद बाबा पूरी करते हैं। स्थानीय अमित शर्मा ने कहा कि बागमती के नदी में आए उफान से हर साल कई घर, पुल, पुलिया और झोपड़ियां बह जाती हैं या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, लेकिन आज तक इस मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हर साल इस मंदिर का आधा हिस्सा करीब दो से तीन महीने पानी में डूबा रहता है। धनोरा गांव के रहने वाले दीपक मंडल बताते हैं कि यह मंदिर बागमती के बाहरी पेटी में स्थित है, इस कारण छह महीने यहां बागमती का पानी नहीं होता है और भक्त चचरी पुल के जरिए भी आते हैं। नदी का जलस्तर जब कम रहता है, तो भक्त नाव से मंदिर तक चले जाते हैं।

# मैक्रों की डिनर पार्टी में पहुंचे आर माधवन

मुंबई (आईएएनएस)। एक्टर आर माधवन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में डिनर के दौरान की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। माधवन ने इंस्टाग्राम पर वे तस्वीरें पोस्ट की हैं जब वह मैक्रों द्वारा शनिवार को फ्रांस के लौवर म्यूजियम में पीएम मोदी के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल हुए थे।



माधवन को पीएम मोदी से हाथ मिलाते हुए, मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। उन्हें फ्रांस के राष्ट्रपति और अन्य लोगों के साथ बैठे देखा जा सकता है। वहीं दूसरी तस्वीर में संगीतकार रिकी केज इमैनुएल मैक्रों के बगल में बैठे हुए उनके साथ पोज दे रहे हैं। आखिरी तस्वीर में देखा जा सकता है कि राष्ट्रपति मैक्रों पीएम मोदी, माधवन और पूर्व फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथ्यू फ्लेमिनी के साथ सेल्फी ले रहे हैं। एक्टर आर माधवन ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा कि 14 जुलाई 2023 को पेरिस में बैस्टिल डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया था। इस दौरान भारत-फ्रांस के बीच संबंध और मजबूत करने का जुनून और डेडिकेशन दिखाया। मैं इस मौके पर ये देखकर पूरी तरह से हैरान था कि उन्होंने दो फ्रेंडली नेशन के भविष्य के लिए अपना विजन बड़े ही उत्साह के साथ बताया था। एक्टर ने लिखा कि मैं इस डिनर न्योते से काफी सरप्राइज में था।

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम मोदी के सम्मान में इन दोनों महान मित्र देशों के भविष्य के लिए अपने नजरिये का उत्साहपूर्वक वर्णन किया है। उस हवा में पॉजीटिविटी थी, और एक दूसरे के लिए आपसी सम्मान था। मैं ईमानदारी से रिक्वेस्ट करता हूं कि उनका विजन और सपने हम सभी के लिए सही समय पर सही रिजल्ट दें। राष्ट्रपति मैक्रों ने हमारे लिए एक सेल्फी क्लिक की, पीएम मोदी बहुत ही शालीनता और प्यार से इसका हिस्सा बनने के लिए खड़े हुए। एक ऐसा पल जो उस तस्वीर को खास बनाता है। यह पल मेरे दिमाग में हमेशा इस तरह छपा रहेगा। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों और पीएम मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि फ्रांस और भारत हमेशा एक साथ समृद्ध रहें।

# 40 की हुई कैटरीना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री कैटरीना कैफ रविवार को 40 वर्ष की हो गई। 16 जुलाई 1983 को हांगकांग में जन्मी कैटरीना कैफ मूल नाम कैटरीना टॉरकेटी ने 14 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। वह मॉडलिंग करने के उद्देश्य से मुंबई आयी थी लेकिन इस दौरान उनकी मुलाकात कैजाद गुस्ताद से हुयी। कैजाद गुस्ताद उन दिनों बूम बना



रहे थे। उन्होंने कैटरीना को बूम में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे कैटरीना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म बूम आपराधिक पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्राफ ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कमजोर पटकथा के कारण बूम बॉक्स ऑफिस पर कोई धूम नहीं मचा सकी। कैटरीना कैफ को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये दो दशक हो चुके है और इस दौरान उन्होंने शाहरुख, सलमान, ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। वर्ष 2021 में कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल के साथ शादी कर ली।

# ग्लोबल वार्मिंग को काबू में रखना आसान नहीं

मेलबर्न (द कन्वरसेशन)। लंदन में दो सप्ताह की गहन वार्ता के बाद वैश्विक नौपरिवहन (शिपिंग) उत्सर्जन को कम करने की एक संशोधित रणनीति सामने आई है। यह नौ परिवहन उद्योग की जलवायु लक्ष्यों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रतीक है।



हालांकि पर्याप्त महत्वाकांक्षी न होने के कारण संशोधित रणनीति की आलोचना की गई है। वैश्विक व्यापार और दुनिया के नौ परिवहन बेड़े में अनुमानित वृद्धि का मतलब है कि निजी जहाजों की संख्या में आवश्यक कटौती समग्र ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लक्ष्य से कहीं अधिक है। दुनिया ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की ओर बढ रही है, हालांकि इस दौरान नौ परिवहन उद्योग दुनिया के उन शीर्ष 10 उद्योगों में शुमार हैं, जो सबसे ज्यादा उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस रखने के लिए इस उद्योग को भी अपना उचित योगदान देना होगा। नौ परिवहन का नियमन करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में संशोधित रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा समेत प्रशांत प्रायद्वीप से संबंध रखने वाले देशों ने 2030 तक कम से कम 37 प्रतिशत, 2040 तक 96 प्रतिशत और 2050 तक पूरी तरह नेट जीरो उत्सर्जन का प्रस्ताव रखा। 2018 में अपनाई गई प्रारंभिक रणनीति का लक्ष्य 2050 तक नौ परिवहन उत्सर्जन को कम से कम 50 प्रतिशत तक कम करना था। संशोधित रणनीति के लक्ष्य विज्ञान और विभिन्न देशों की सरकारों के विचार से ऊंचे नहीं हैं। हालांकि, जहाजों के लिहाज से ये लक्ष्य अब भी बहुत सख्त हैं। जहाजों की संख्या में 2008 के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, आगे भी वृद्धि की उम्मीद है।

# छत पर कॉफी पीते उल्कापिंड की चपेट में आई फ्रांसीसी महिला

नई दिल्ली (आईएएनएस)। एक अत्यंत दुर्लभ खगोलीय घटना में एक फ्रांसीसी महिला अपने दोस्त के साथ छत पर कॉफी पीते समय उल्कापिंड की चपेट में आ गई। फ्रांसीसी अखबार लेस डेर्नाएिरेस नोवेल्स डी 'अलसैस (डीएनए) के मुताबिक, महिला की पसलियों में एक रहस्यमयी कंकड़ लगा था।

महिला के हवाले से कहा गया, मैंने बगल की छत से एक बड़ी 'पूम' की आवाज सुनी। उसके बाद दूसरे पल में मुझे पसलियों पर झटका महसूस हुआ। मुझे लगा कि यह कोई जानवर है, चमगादड़। उसने कहा, ाद में यह सीमेंट के टुकड़े की तरह निकला, लेकिन इसमें रंग नहीं था। उसने छत बनाने वाले एक स्थानीय शख्स से चट्टान की जांच कराई, जिसने इसे उल्कापिंड बताया। इसके बाद उसने भूविज्ञानी डॉ. थिएरी रेबमैन से चट्टान की जांच कराई, जिन्होंने इसकी अतिरिक्त-स्थलीय उत्पत्ति की पुष्टि की।



स्थानीय अखबार को रेबमैन के हवाले से बताया गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि चट्टान में लोहे और सिलिकॉन का मिश्रण है और यह उल्कापिंड हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उल्कापिंड के जो टुकड़े बरामद किए गए हैं, उनका वजन 100 ग्राम से अधिक है।

■ उल्कापिंड के जो टुकड़े बरामद किए गए हैं, उनका वजन 100 ग्राम से अधिक है

भूविज्ञानी ने कहा कि ऐसी वस्तुओं से लोगों के टकराने की घटना बेहद दुर्लभ है। उल्कापिंड अंतरिक्ष चट्टानें हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल के माध्यम से अपनी यात्रा में रहते हैं और जमीन से टकराते हैं। उल्कापिंड का आकार धूल के कणों से लेकर छोटे क्षुद्रग्रहों तक होता है। नासा के अनुसार, हर दिन लगभग 50 टन उल्कापिंड सामग्री पृथ्वी पर गिरने का अनुमान है। रेबमैन को यह कहते हुए उद्धृत किया गया, हमारे समशीतोष्ण वातावरण में, उन्हें ढूंढना बहुत दुर्लभ है। वे अन्य तत्वों के साथ विलीन हो जाते हैं। दूसरी ओर, रेगिस्तानी वातावरण में, हम उन्हें अधिक आसानी से पा सकते हैं। उल्कापिंड के सीधे किसी व्यक्ति से टकराने का पहला पुष्ट मामला 1954 में अमेरिका में हुआ था, जहां एक महिला 3.6 किलोग्राम के पत्थर वाले उल्कापिंड की चपेट में आ गई थी, जो उसकी छत से टकराकर गिर गया था, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

# प्रियंका की जुल्फें ठीक करते दिखे निक



मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस, जिन्हें हाल ही में स्ट्रीमिंग शो 'सिटाडेल' में देखा गया था, ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उनके पति निक जोनस उनकी पोनीटेल ठीक करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों विंबलडन के वुमेन सिंगल फाइनल मैच देखने के बाद कार से घर लौट रहे हैं। प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'पोनीटेल कॉम्पलिकेटेड है'। वीडियो में निक को प्रियंका की पोनीटेल ठीक करने की कोशिश करते देखा जा सकता है। इस दौरान प्रियंका इस पल को कैद करने के लिए अलग-अलग एंगल से सेल्फी वीडियो रिकॉर्ड कर रही हैं। जल्द ही, निक हार मान लेते हैं और बाल पूरी तरह से खोल देते हैं। वीडियो के आखिर में प्रियंका हंसने लगती हैं।



बाद में, निक जोनस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा के साथ एक प्यारी सेल्फी शेयर की। साथ ही विंबलडन महिला फाइनलिस्ट की तस्वीरें भी साझा की और कैप्शन में लिखा, अपने प्यार के साथ टेनिस में खूबसूरत पल, रॉयल बॉक्स में बैठना और मार्केटा वोंद्रोसोवा को उनका पहला ग्रैंड स्लैम जीतते देखना सम्मान की बात है।

# विक्रांत ने साइन कीं पांच फिल्में

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत को फिल्म निर्माता प्रदीप सिंह की कंपनी वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन ने अपनी आगामी पांच फिल्मों के लिए साइन किया है।

प्रदीप सिंह ने बताया कि विक्रांत सिंह राजपूत विशुद्ध अभिनेता है और उनमें किरदार को जीवंत करने की भूख कोटि-कोटि भरी है। हाल के दिनों में उनके फैंस की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। विक्रांत सिंह राजपूत को बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे तक में दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। उम्मीद है कि हमारी पांचों फिल्म में भी विक्रांत सिंह राजपूत का जलवा कायम रहे और दर्शक उसे फिर से सर आंखों पर बिठा कर रखें। विक्रांत सिंह राजपूत के अंदर अभिनय की असीम क्षमताएं हैं। एक पेशेवर कलाकार होने के नाते हम दोनों को साथ काम करके बहुत मजा आने वाला है।

## खबर संक्षेप

### खाद्य तेल का आयात जून में 39 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई।** मांग बढ़ने के कारण देश का खाद्य तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 39.31 प्रतिशत बढ़कर 13.11 लाख टन हो गया। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने यह जानकारी दी। एसईए ने एक बयान में कहा, जून 2022 में खाद्य तेल का आयात 9.41 लाख टन रहा था।

### जीस ग्रुप भारत में 2500 करोड़ निवेश करेगा




**नई दिल्ली।** चश्मे के लेंस बनाने वाली वैश्विक कंपनी जीस ग्रुप कर्नाटक में नए संयंत्र पर 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह निवेश मुख्य रूप से लेंस विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। समूह की भारतीय इकाई कार्ल जीस इंडिया नए संयंत्र के पूरी तरह संचालित होने पर लगभग 5,000 लोगों को नियुक्त करेगी।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस और टीसीएस सबसे आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,03,010.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 780.45 अंक या 1.19 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### सकारात्मक बना हुआ है आवास क्षेत्रः डीएलएफ





**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह देश के आवास क्षेत्र को लेकर उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि तेजी से शहरीकरण, बेहतर संभावनाओं और घर की चाहत के कारण बिक्री की रफ्तार मजबूत बनी रहेगी। क्षेत्र में भरोसेमंद और संगठित रियल एस्टेट कंपनियों की परियोजनाओं में अच्छी मांग देखी जा रही है।

### तेल-तिलहन की कीमतों में मिला-जुला रुख



**नई दिल्ली।** देश में सस्ते खाद्य तेलों का आयात बढ़ने और देशी तेल-तिलहनों के बाजार में न खप पाने की स्थिति के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह कारोबार का मिला-जुला रुख रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन में जहां पिछले सप्ताहांत के मुकाबले मजबूती दर्ज हुई, वहीं सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम टूट गए।

### एफपीआई ने बाजार में डाले 30, 600 करोड़




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में निवेश का सिलसिला लगातार जारी है। जुलाई के पहले पखवाड़े में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 30,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण कायम है। यदि एफपीआई का यही रुख जारी रहता है, तो जुलाई में शेयरों में में उनके निवेश का आंकड़ा मई और जून को पार कर सकता है।

# आयकर रिटर्न की समयसीमा बढ़ाने पर विचार नहीं : राजस्व सचिव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त मंत्रालय आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की 31 जुलाई की समयसीमा को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहा है। उन्होंने साथ ही आयकरदाताओं से जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करने को कहा।

- इस साल पिछले वर्ष से अधिक रिटर्न दाखिल होंगे

मल्होत्रा ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हमें उम्मीद है कि इस साल पिछले वर्ष से ज्यादा रिटर्न दाखिल होंगे... हमें उम्मीद है कि यह पिछले साल से ज्यादा होना चाहिए।' पिछले साल 31 जुलाई तक लगभग 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो आकलन वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करने का आखिरी दिन था।

## वित्त मंत्रालय ने कहा, जल्द दाखिल करे आईटीआर

### कर संग्रहण लक्ष्य में वृद्धि 10.5 फीसदी

मल्होत्रा ने कहा, 'इसलिए मैं उन्हें जल्द से जल्द अपना कर रिटर्न दाखिल करने की सलाह दूंगा, क्योंकि 31 जुलाई की समयसीमा तेजी से नजदीक आ रही है।' कर संग्रहण लक्ष्य के संबंध में मल्होत्रा ने कहा यह कमोबेश 10.5 प्रतिशत वृद्धि के लक्ष्य के अनुरूप है।

### जीएसटी की वृद्धि दर 12 फीसदी

मल्होत्रा ने कहा कि जहां तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की वृद्धि का सवाल है, यह अबतक 12 प्रतिशत है। हालांकि, दर में कटौती के कारण उत्पाद शुल्क के मोर्चे पर वृद्धि दर 12 प्रतिशत से कम है।



### 33.61 लाख करोड़ सकल कर प्राप्ति की उम्मीद

राजस्व सचिव ने कहा कि वास्तव में यह अभी नकारात्मक है और एक बार कर दरों में कटौती का प्रभाव खत्म हो जाएगा, तो लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद है। आम बजट 2023-24 के अनुसार, सरकार को चालू वित्त वर्ष में 33.61 लाख करोड़ रुपये की सकल कर प्राप्ति की उम्मीद है।

### आईटीआर दाखिल करने की गति पिछले साल से तेज

राजस्व सचिव ने कहा, 'हम आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों को धन्यवाद देना चाहते हैं, क्योंकि आईटीआर दाखिल करने की गति पिछले साल की तुलना में बहुत तेज है और हम उन्हें सलाह देंगे कि वे आखिरी क्षण तक इंतजार न करें और समयसीमा में किसी भी विस्तार की उम्मीद न करें।'

## देश की प्रमुख कंपनियों ने इसे अच्छा कदम बताया

# देश में 'एनसीएपी' से अधिक सुरक्षित कारों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा

- मंत्रालय की यह पहल समान अवसर पैदा करेगी
- ओईएम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टोयोटा किर्लोस्कर सहित देश की प्रमुख वाहन कंपनियों ने सरकार के भारत नयी कार मूल्यांकन कार्यक्रम (भारत-एनसीएपी) को घरेलू उद्योग के लिए सही दिशा में उठाया गया अच्छा कदम करार दिया है।

इस पहल का स्वागत करते हुए वाहन विनिर्माताओं ने कहा कि इससे देश में अधिक सुरक्षित कारों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (वाहन प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकास) वेलुसामी आर ने कहा, 'महिंद्रा में हमारा मानना है कि यह सड़क परिवहन मंत्रालय के ठोस कदमों में से है। हम भारत-एनसीएपी के क्रियान्वयन का स्वागत करते हैं।'


### ओईएम को बढ़ावा मिलेगा

वेलुसामी ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की यह पहल समान अवसर पैदा करेगी और इससे भारतीय ग्राहकों के लिए सुरक्षित मॉडलों के विनिर्माण को लेकर मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

## सुरक्षित कारें बनाने वालों को सरकार प्रोत्साहन मिलेगा

### सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरीः टाटा मोटर्स

सोल्क ने कहा, 'सुरक्षा एक महत्वपूर्ण पहलू है। स्कोडा भारतीय बाजार में ब्रांड को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पर ध्यान देना जारी रखेगी।' टाटा मोटर्स ने कहा है कि वह हमेशा से सरकार के सुरक्षित परिवहन के कदम का समर्थन करती रही है और भविष्य में भी ऐसा ही करेगी।




### ज्यादातर ऊंचे मानदंड का पालन कर रहे

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रवक्ता ने कहा, 'हमारा मानना है कि भारत-एनसीएपी सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। जहां उद्योग खुद आगे बढ़कर नए सुरक्षा मानकों की बात कर रहा है, वहीं आज ग्राहक भी सुरक्षा खूबियों को लेकर अधिक जागरूक हुए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ग्राहकों की पसंद के आधार पर पहले ही ज्यादातर ओईएम उच्च मानदंडों का पालन कर रहे हैं।

### स्टार रेटिंग देने का प्रस्ताव

सरकार ने भारत-एनसीएपी पर अधिसूचना का मसौदा जारी किया है। इसमें वाहनों को उनके दुर्घटना परीक्षण के आधार पर 'स्टार रेटिंग' देने का प्रस्ताव है। सरकार का लक्ष्य इस कार्यक्रम को पहली अक्टूबर, 2023 से लागू करने का है। *ऊंचे मानदंड हासिल किए जा सकेंगेः 'भारत-एनसीएपी से इसमें और पारदर्शिता आएगी और सुरक्षा के अधिक ऊंचे मानदंडों को हासिल किया जा सकेगा।' इसी तरह की राय जताते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर सोल्क ने कहा कि भारत सरकार सुरक्षा नियमनों और नीतियों पर अधिक जोर दे रही है जिससे कार की सुरक्षा को बेहतर करने में मदद मिलेगी।*

### वाहन उद्योग के लिए अच्छा कदमः किआ

किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तेई जिन पार्क ने कहा कि यह कदम भारतीय वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छा है। कंपनी ने अधिसूचना का विश्लेषण किया है और वह इसपर काम कर रही है। भारत-एनसीएपी के तहत विनिर्माताओं या आयातकों को सरकार की ओर से मनोनीत एजेंसी को फॉर्म 70-ए में आवेदन करना होगा।

### देश से वाहनों का निर्यात 28 प्रतिशत घटा

देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 28 प्रतिशत घट गया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अफ्रीका और विभिन्न अन्य विकासशील देशों में मौद्रिक संकट के कारण भारत के वाहन निर्यात में गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2023 को समाप्त पहली तिमाही में कुल वाहन निर्यात 10,32,449 इकाई रहा।

# स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड का बढ़ा आकर्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निवेशक अब बड़ी कंपनियों (लार्ज-कैप) की तुलना में छोटी कंपनियों (स्मॉल-कैप) में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड को तरजीह दे रहे हैं और उन्होंने अप्रैल-जून तिमाही में इन योजनाओं में करीब 11,000 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। विश्लेषकों ने बताया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि कोष प्रबंधक बड़ी कंपनियों में पैसे लगाकर बेहतरीन परिणाम नहीं दे सके और ये रुझान आगे भी कुछ समय तक बने रहने का अनुमान है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड से समीक्षाधीन तिमाही के दौरान 3,360 करोड़ रुपये की निकासी हुई। जून तिमाही से पहले मार्च तिमाही में स्मॉल-कैप कोषों में 6,932 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। क्लाइंट एसोसिएट्स के सह-संस्थापक हिमांशु कोहली ने कहा, 'पिछले कुछ महीनों में मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों में मजबूत तेजी आई है और इसकी वजह यह है कि लार्ज-कैप क्षेत्र में बेहतरीन नतीजे देना मुश्किल हो रहा है।



- जून तिमाही में निवेशकों ने लगाए 11,000 करोड़ रुपए

### स्मॉल कैप में जोखिम मिड कैप के समान

आनंद राठी वेल्थ के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा कि निवेशक स्मॉल-कैप को इसलिए प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि उनमें जोखिम मिड-कैप के समान ही है, लेकिन रिटर्न या प्रतिफल की क्षमता अधिक है। म्यूचुअल फंड क्षेत्र में स्मॉल-कैप श्रेणी ने एक साल में 30-37 प्रतिशत, सालाना की दर से बेहतरीन रिटर्न दिया है।

# बैंकों को वेबसाइट पर लोगो और क्यूआर कोड करना होगा प्रदर्शित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) ने सभी बैंकों से 31 अगस्त तक अपनी वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर अपना लोगो और क्यूआर कोड प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा है। डीआईसीजीसी ने जमा बीमा योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ऐसा कहा है। बैंकों में पांच लाख रुपये तक की जमा राशि का बीमा डीआईसीजीसी करता है। इस योजना में वाणिज्यिक बैंकों, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों (एलएबी), भुगतान बैंकों (पीबी), लघु वित्त बैंकों (एसएफबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) और सहकारी बैंकों की जमाएं शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अनुषंगी कंपनी ने एक परिपत्र में कहा कि जमा बीमा विशेष रूप से छोटे जमाकर्ताओं की सुरक्षा करने, बैंकिंग प्रणाली में भरोसा पैदा करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीआईसीजीसी के साथ पंजीकृत सभी बैंक अब से अपनी वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर डीआईसीजीसी के लोगो और डीआईसीजीसी वेबसाइट से जुड़े क्यूआर कोड को प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे।'




- डीआईसीजीसी ने 31 अगस्त तक का दिया समय
- योजना की जागरूकता पैदा करने के लिए कहा गया

### बीमाकृत बैंकों की संख्या 2027

सभी संबंधित बैंकों को एक सितंबर, 2023 से इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। डीआईसीजीसी के पास पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या 31 मार्च, 2023 तक 2,027 थी। इसमें 140 वाणिज्यिक बैंक शामिल थे।

# विज्ञापन घटने से ट्विटर को नुकसान : मस्क

एजेंसी ▶▶ सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

अमेरिका के दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि विज्ञापनों से आमदनी आधे से भी कम होने की वजह से ट्विटर को नकदी का नुकसान हो रहा है। कारोबारी सलाह देने वाले एक ट्वीट के जवाब में मस्क ने शनिवार को कहा, 'विज्ञापन राजस्व में (लगभग) 50 प्रतिशत की गिरावट और कर्ज के भारी बोझ की वजह से हमारा नकदी प्रवाह अब भी नकारात्मक है।' उन्होंने ट्वीट किया, 'हमें कुछ और करने से पहले नकदी प्रवाह को सकारात्मक करने की जरूरत है। ट्विटर का 44 अरब डॉलर के सौदे में अधिग्रहण करने के बाद से मस्क विज्ञापनदाताओं को आश्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। विज्ञापनदाता शीर्ष अधिकारियों को कंपनी से बाहर करने, बड़े पैमाने पर छंटनी को लेकर चिंतित हैं। कुछ दिग्गज उपयोगकर्ता जिन्हें ट्विटर ने प्रतिबंधित कर दिया था अब साइट पर वापस आ गए हैं।



- भारी कर्ज के बोझ से ट्विटर का नकदी प्रवाह नकारात्मक
- विज्ञापन से आमदनी आधे से भी कम

*थ्रेड्स पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनीः फेसबुक का स्वामित्व रखने वाली मेटा ने भी ट्विटर की तर्ज पर टेक्स्ट आधारित ऐप थ्रेड्स पेश किया है। हालांकि, ट्विटर के इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।*

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

- वैश्विक रुख और एफआईआई की गतिविधियों का भी पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख और विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस समय स्थानीय शेयर बाजार अपने रिकॉर्ड स्तर पर हैं। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये की चाल और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, वैश्विक बाजारों की दिशा, रुपये-से-डॉलर की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बाजार के कुल रुख पर असर पड़ेगा। घरेलू घटनाक्रमों के अलावा ये कारक भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्थागत गतिविधियों का भी बाजार पर प्रभाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, अशोक लेलैंड, डीएलएफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान जिंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजे आने हैं।




## बिजनेस साइट

### अग्रसेन चौक के पास पीआर ग्रो मोटर्स का शुभारंभ




**रायपुर।** सबके लिए कुछ अच्छा इस स्लोगन के साथ बीजेस कंपनी के डीलर पीआर ग्रो मोटर्स एलएलआर ने दोपहिया वाहनों की नई रेंज के साथ अग्रसेन चौक के पास पीआर ग्रो मोटर्स का शुभारंभ किया है। इसकी ओपनिंग के लिए डीलर पंकज महावर व राहुल मुंद्रा, विशेष अतिथि के रूप में विधायक बृजमोहन अग्रवाल, विकास उपाध्याय, कुलदीप सिंह जुनेजा, निगम के सभापति प्रमोद दुबे व चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी प्रमुख रुप से मौजूद थे। नए शोरूम को लेकर डीलर ने बताया कि प्राइम लोकेशन पर लोगों को वाहनों की नई रेंज आसानी से मिलेंगी। इस सप्ताह ही 20 से ज्यादा लोगों ने वाहनों की बुकिंग कराई है। 143 किमी. की रेंज वाली गाड़ियों की खरीदी में युवाओं की रुचि ज्यादा है। शहर के बिजनेस हब में होने से ग्राहकों का बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है।

### कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने किया आईईईई विश्व सम्मेलन



**रायपुर।** आईईईई मध्यप्रदेश अनुभाग के अंतर्गत आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा ने 14 एवं 15 जुलाई को कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में संचार और कंप्यूटिंग 2023 पर अंतर्राष्ट्रीय आईईईई विश्व सम्मेलन का किया। सम्मेलन ने इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक और उभरते विषयों को लक्षित किया। इसने इंटेलीजेंट सिस्टम पर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी रणनीति भी विकसित की। इस विश्व सम्मेलन का उद्देश्य शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग जगत के व्यक्तियों और छात्रों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में वर्तमान प्रवृत्ति और रणनीतियों पर विचार, अनुभव और विशेषज्ञता के साथ चर्चा करने व ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए अवसर प्रदान करना था। गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड के निदेशक एवं गोदावरी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड हीरा समूह के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ अग्रवाल को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। आईईईई इंडिया काउंसिल के पूर्व चेयर-एचटीसी डॉ. चाणक्य झा और आईईईई एमपी सेक्शन के उपाध्यक्ष डॉ. मनीष दीक्षित सम्मेलन में सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। उद्घाटन के अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी, आईईईई सम्मेलन के आयोजक हरीश पाटिल भी सम्मानित अतिथि के साथ उपस्थित थे। सहायक प्रोफेसर श्रीमती अनु पिल्लई ने समारोह में मास्टर की भूमिका निभाई। संयोजक डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। 'सम्मेलन में दुनिया के विभिन्न क्षेत्र से 1436 पेपर प्राप्त हुए, जिनमें से केवल 292 पेपर को 3 समीक्षकों द्वारा उन पत्रों की समीक्षा करने के बाद प्रस्तुति के लिए चुना था' उनको उद्धृत किया।

## प्याज की कीमतों पर काबू रखने उठाए जा रहे कदम

# सरकार ने 'बफर स्टॉक' के लिए तीन लाख टन प्याज खरीदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 'बफर स्टॉक' (भंडारण) के लिए 20 प्रतिशत अधिक यानी कुल तीन लाख टन प्याज खरीदा है। वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 2.51 लाख टन प्याज रखा था।

- अधिक समय तक सुरक्षित रखने बार्क के साथ काम

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित सिंह ने रविवार को बताया कि सरकार प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ काम कर रही है। बफर स्टॉक कम आपूर्ति वाले मौसम में कीमतों को काबू में रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत रखा जाता है।

### गामा किरण से सुरक्षित रखने का प्रयोग

उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय प्याज के संरक्षण के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग और 'बार्क' के साथ प्रौद्योगिकी का भी परीक्षण कर रहा है। रोहित सिंह ने कहा, 'प्रायोगिक तौर पर हम महाराष्ट्र के लासलगांव में कोबाल्ट-60 से गामा विकिरण के जरिये 150 टन प्याज संरक्षण का प्रयोग कर रहे हैं। इससे प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।'



### औसत खुदरा मूल्य 26.79 रु. किलो

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 15 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर प्याज का औसत खुदरा दाम 26.79 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसका अधिकतम दाम 65 रुपये और न्यूनतम 10 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### प्याज अभी समाप्त हुए रबी सत्र का

सिंह ने कहा, 'त्योहारी सीजन में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने इस साल बफर स्टॉक में भारी बढ़ोतरी करते हुए तीन लाख टन प्याज खरीदा है। प्याज की कोई कमी नहीं है।' बफर स्टॉक के लिए खरीदा गया प्याज हाल ही में समाप्त हुए रबी सत्र का है।

### खरीफ फसल आने तक रहेगा दबाव

फिलहाल, खरीफ के प्याज की बुवाई चल रही है और अक्टूबर में इसकी आवक शुरू हो जाती है। सचिव ने कहा, 'आमतौर पर, खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 20 दिन के लिए या खरीफ फसल के बाजार में आने तक दबाव में रहती हैं। लेकिन इस बार ऐसी कोई समस्या नहीं होगी।'

## विम्बलडन : 1-6, 7-6 (6), 6-1, 3-6, 6-4 से जीता मैच

# कार्लोस अल्काराज ने जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम जोकोविच को विम्बलडन फाइनल में हराया

एजेंसी ▶▶| विम्बलडन

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विम्बलडन चैंपियनशिप 2023 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को लंदन में खेले गए फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-1 अल्काराज ने दूसरी वरीयता प्राप्त सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 1-6, 7-6 (6), 6-1, 3-6, 6-4 से मात दी। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला 4 घंटे और 42 मिनट तक चला। 20 साल के कार्लोस अल्काराज के कॅरियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले अल्काराज ने पिछले साल नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

अल्काराज विंबलडन जीतने वाले स्पेन के तीसरे खिलाड़ी बने। इससे पहले सेंटाना ने 1966 में और राफेल नडाल ने 2008 और 2010 में विंबलडन का खिताब जीता था। 12 साल बाद स्पेन के किसी खिलाड़ी ने यह ग्रैंड स्लैम जीता है। दूसरी ओर नोवाक जोकोविच का 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। नोवाक यदि यह मैच जीतते तो वह पुरुष सिंगल्स में सबसे ज्यादा विम्बलडन खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर लेते। फेडरर ने आठ बार विम्बलडन ट्रॉफी अपने नाम की थी।



**सेट 1**

### जोकोविच ने जीता

नोवाक जोकोविच ने पहला सेट 1-6 से आसानी से जीता। इस दौरान जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने सभी डिलीवरी कोर्ट के सेंटर में रखी और बॉल को कोने में जाने से रोका।

**सेट 2**

### अल्काराज की वापसी

दूसरे सेट में अल्काराज ने जबरदस्त वापसी की। दूसरे सेट में एक मोमेंट ऐसा आया जब स्कोर 6-6 से बराबर हो गया। अल्काराज ने टाईब्रेकर 8-6 से जीतकर सेट 7-6 के स्कोर पर अपने नाम किया।

**सेट 3**

### अल्कारेज जीते

तीसरे सेट में भी 20 साल के टॉप सीड स्पैनिश खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाया और 6-1 से एकतरफा जीत हासिल की।

**सेट 4**

### जोकोविच ने की बराबरी

चौथे सेट में जोकोविच ने शानदार वापसी की। सर्बियाई खिलाड़ी ने इस सेट में दो ब्रेक पॉइंटस भी बचाए और इसे 6-3 से अपने नाम किया।

**सेट 5**

### अल्काराज बने चैंपियन

पांचवां सेट रोमांचक रहा। इस सेट में अल्काराज ने अर्ली ब्रेक हासिल कर लिया था और अंततः इसे बरकरार रखते हुए 6-4 से जीत लिया।

### महिला एकल में वोंड्रोसोवा का राज

*महिला एकल में चेक गणराज्य की मार्केटा वोंड्रोसोवा चैंपियन बनी थीं। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में वोंड्रोसोवा ने ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से मात दी थी। गैर वरीयता प्राप्त वोंड्रोसोवा के कॅरियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब रहा। 24 साल की मार्केटा वोंड्रोसोवा ओपन एरा में विम्बलडन चैंपियन बनने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी रहीं।*

### विंबलडन 2023 में अल्काराज का सफर

- पहले राउंड में जेरेमी चार्डी को 6-0, 6-2, 7-5 से हराया।
- दूसरे राउंड में एलेक्जेंडर मुलर को 6-4, 7-6, 6-3 से हराया।
- तीसरे राउंड में निकोलस जैरी को 6-3, 6-7, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी।
- राउंड ऑफ-16 में मातियो बैरेटनी को 3-6, 6-3, 6-3, 6-3 से हराया।
- क्वार्टर फाइनल में होल्गर रूने को 7-6, 6-4, 6-4 से हराया।
- सेमीफाइनल में डेनिल मेदवेदेव को 6-3, 6-3, 6-3 से हराया।
- फाइनल में जोकोविच को 1-6, 7-6(6), 6-1, 3-6, 6-4 से हरा दिया।



### हार के बावजूद दिल जीत गए जोकोविच

- *विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर जोकोविच ने लगातार 45 मैच जीते। 1922 में सेंटर कोर्ट की स्थापना के बाद यह किसी खिलाड़ी के जीत का सबसे लंबा सिलसिला है।*
- *विंबलडन में जोकोविच ने लगातार 34 मैच जीते हैं। यह ओपन एरा में किसी खिलाड़ी द्वारा तीसरी सबसे ज्यादा जीत है।*
- *जोकोविच ने लगातार 27 मेजर मैच (ग्रैंड स्लैम) में जीते। यह ओपन एरा में जीत का तीसरा सबसे लंबा सिलसिला है।*

### नोवाक ने हार से निराश होकर तोड़ा रैकेट

*जोकोविच ने आखिरी बार यहां 2013 में फाइनल गंवाया था। यह उनका रिकॉर्ड 35वां ग्रैंडस्लैम फाइनल था जबकि अलकाराज दूसरी बार ही फाइनल खेल रहे थे। इसके बावजूद तीसरे सेट में उन्होंने 25 मिनट तक चला अद्भुत गेम जीता और मैच में 32 अंक बनाए। उन्होंने पांचवें सेट में बैकहैंड पर शानदार विनर लगाकर जोकोविच की सर्विस तोड़ी। हार के बाद जोकोविच अपने गुस्से पर काबू नहीं रख सके और नेट पर फेंककर अपना रैकेट तोड़ दिया। चेयर अंपायर ने उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया।*



### सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम


| खिलाड़ी | देश | खिताब | ग्रैंड स्लैम |
|---|---|---|---|
| नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 23 | ऑस्ट्रेलियन-10, फ्रेंच-3, विम्बलडन-7, यूएस-3 |
| राफेल नडाल | स्पेन | 22 | ऑस्ट्रेलियन-2, फ्रेंच-14, विम्बलडन-2, यूएस-4 |
| रोजर फेडरर | स्विट्जरलैंड | 20 | ऑस्ट्रेलियन-6, फ्रेंच-1, विम्बलडन-8, यूएस-5 |
| पीट सैम्प्रास | अमेरिका | 14 | ऑस्ट्रेलियन-2, फ्रेंच-0, विम्बलडन-7, यूएस-5 |

# दक्षिण क्षेत्र 14वीं बार बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन



**बेंगलुरु।** दक्षिण क्षेत्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए रविवार को यहां पश्चिम क्षेत्र को 75 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। पश्चिम क्षेत्र ने 298 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 182 रन से आगे बढ़ाई और उसकी टीम 222 रन बनाकर आउट हो गई। दक्षिण क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर साईं किशोर और तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने चार चार विकेट लिए। दक्षिण क्षेत्र में 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। पिछले साल फाइनल में पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराया था।

# लक्ष्य अमेरिकी ओपन से बाहर, फेंग से हारे



एजेंसी ▶▶| काउंसिल ब्लफ्स

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अमेरिकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त सेन दूसरी वरीयता प्राप्त फेंग के खिलाफ 17-21, 24-22, 17-21 से हार गए।शनिवार की रात को खेला गया बीडब्लूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का यह मुकाबला एक घंटे 16 मिनट तक चला। विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी फेंग और 12वीं रैंकिंग के सेन के बीच यह मुकाबला काफी करीबी रहा। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ी 17 अंकों तक बराबरी पर थे लेकिन बाद में चीन के खिलाड़ी ने आक्रामक रवैया दिखाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां की। सेन का फेंग के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 5-2 है।

### श्रीलंका का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया

गॉल। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में वापसी की जिससे पाकिस्तान ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को लड़खड़ा कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन रविवार को यहां लंच तक उसका स्कोर चार विकेट पर 65 रन कर दिया। पाकिस्तान के दोनों तेज गेंदबाजों अफरीदी और नसीम शाह ने शुरू से ही श्रीलंका के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा।अफरीदी ने सलामी बल्लेबाज निशान मधुशंका (चार) को विकेटकीपर सरफराज अहमद के हाथों कैच कराकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 100वां विकेट लिया। इस मुकाम पर पहुंचने वाले वह पाकिस्तान के 19वें गेंदबाज बने।

### सेसकाटून में उपविजेता रहीं करमन कौर थांडी



**सेसकाटून।** भारत की करमन कौर थांडी और कनाडा की उनकी जोड़ीदार स्टेसी फुंग रविवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू60 सेसकाटून चैलेंजर्स टूर्नामेंट की महिला युगल स्पर्धा में उपविजेता रहे। करमन और स्टेसी की जोड़ी को फाइनल में अमेरिका की एबिगेन रेनचेल और एलेना स्मिथ को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 60 हजार डॉलर इनामी प्रतियोगिता में तीन सेट में 6-4, 4-6, 7-10 से हार झेलनी पड़ी।

**एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

6 स्वर्ण, 12 रजत और जीते 9 कांस्य पदक

# अंतिम दिन चांदी ही चांदी तीसरे स्थान पर रहा भारत

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

आभा खटुआ ने रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन हैरान करते हुए महिला गोला फेंक स्पर्धा में 18.06 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। ज्योति याराजी और पारुल चौधरी ने प्रतियोगिता में अपना दूसरा पदक जीता। भारत प्रतियोगिता में 27 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



भारत ने प्रतियोगिता में छह स्वर्ण के अलावा 12 रजत और नौ कांस्य पदक भी जीते। भारत ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन आठ रजत और पांच कांस्य पदक के साथ कुल 13 पदक जीते। आभा ने 17.13 मीटर के अपने पिछले निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लगभग एक मीटर (93 सेंटीमीटर) का सुधार करते हुए चार किलो के गोले को अपने चौथे प्रयास में 18.06 मीटर की दूरी तक फेंका।

## साबले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**सिलेसिया।** अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में रविवार को सिलेसिया डायमंड लीग मीट में छठे स्थान पर रहने के बाद 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन साबले ने आठ मिनट 11:63 सेकंड का समय लिया, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय आठ मिनट 11.20 सेकंड से थोड़ा अधिक है। इस 28 साल के खिलाड़ी ने हालांकि पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क आठ मिनट 15 सेकंड को काफी अंतर से पीछे छोड़ दिया। साबले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छठे भारतीय और देश के पहले ट्रैक एथलीट है।



# बिना खेले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भाररतीय क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में पहली बार भाग लेने के लिए तैयार है। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में टीम इंडिया इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेगी। वहीं, महिला टीम की कमान हरनप्रीत कौर के कंधों पर है। दरअसल, भारत महिला और पुरुष दोनों वर्गों में शीर्ष वरीयता के साथ उतरेगा। इसका फायदा उसे टूर्नामेंट में मिलेगा और वह सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेगा।

भारत की दोनों टीमें बिना खेले ही पदक के करीब पहुंच गई हैं। बीसीसीआई ने महिला और पुरुष टीम का ऐलान कर दिया है। एशियाड का आयोजन चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से आठ अक्तूबर तक होगा। एशियाई खेलों से पहले भारतीय प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है।

**एशियाई खेल**



पुरुष और महिला टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलेगी। टीमों की वरीयता एक जून, 2023 तक आईसीसी टी20 रैंकिंग के मुताबिक तय होंगी। इस तरह भारतीय की महिला और पुरुष टीमों को शीर्ष वरीयता मिली है।

## बोनालू उत्सव के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पुराने शहर में स्थित प्रसिद्ध लालदरवाजा सिंहवाहिनी महांकाली अम्मावरी मंदिर में रविवार को बोनालू उत्सव में भाग लेने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।सैकड़ों महिलाएं सिर पर पीतल के बर्तनों में 'बोनम' (पके हुए चावल और गुड़) लेकर देवता को चढ़ाने के लिए मंदिर के पास कतार में खड़ी थीं। सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए तेलंगाना के पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने देवी को रेशम के कपड़े भेंट किए।

## 5 माह में गिर जाएगी ममता सरकार: दावा

**कोलकाता, (एजेंसी)।** बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव से भाजपा सांसद और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि वर्तमान राज्य सरकार 5-6 माह से अधिक नहीं चलेगी। अगर टीएमसी ने हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली नहीं की होती तो बीजेपी को हजारों सीटें और मिलतीं। ठाकुर के दावे के कुछ घंटों बाद, बंगाल भाजपा अध्यक्ष व बालुरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार ने भी ऐसा ही दावा किया।

## स्पेन के जंगल में आग, 4,000 लोग विस्थापित

**मैड्रिड, (एजेंसी)।** स्पेन के कैनरी द्वीप में भीषण जंगल की आग के कारण चार हजार से अधिक लोगों को निकाला गया है। स्पेनिश मीडिया ने यह जानकारी दी। एल पेस की रिपोर्ट के अनुसार जंगल की आग ला पाल्मा द्वीप पर 2,300 लोगों की आबादी वाले पुंटागोर्डा नगर पालिका में शुरू हुई। तिजाराफे नगर पालिका से भी लोगों को निकाला गया है। आग पहले से ही लगभग 9,800 एकड़ क्षेत्र में फैल चुकी है और उस पर काबू नहीं पाया जा सका।

## इजरायल में विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**तेल अवीव, (एजेंसी)।** इजरायल में सरकार के विवादास्पद न्यायिक सुधार के विरोध में लगातार 28वें शनिवार को हजारों लोग तेल अवीव की सड़कों पर उतरे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को पूरे इज़रायल में 150 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। क्राउड सॉल्यूशंस के अनुमान के मुताबिक सिर्फ तेल अवीव में लगभग 150,000 लोग एकत्र हुए हैं। कुल मिलाकर शनिवार को पूरे इज़रायल में 4,00,000 लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## AI का कमाल, मस्क-जुकरबर्ग के बीच सुलह!

**वॉशिंगटन, (एजेंसी)।** वैसे तो ट्विटर के बॉस एलन मस्क और मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग अपनी प्रतिद्वंद्विता को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। लेकिन हाल-फिलहाल दोनों अपनी कुछ तस्वीरों को लेकर चर्चा में हैं। असल में एक यूजर ने एआई का इस्तेमाल करते हुए इन दोनों की कुछ तस्वीरें बनाई हैं। दोनों तस्वीरों में मार्क जुकरबर्गव एलन मस्क जिगरी दोस्त की तरह एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। जहां लोग इन पर कमेंट्स कर रहे हैं, वहीं, खुद एलन मस्क ने भी इसपर हंसने वाली इमोजी से कमेंट किया है।

## आज का इतिहास

- **1429:** डोफिन की फ्रांस के राजा के रुप में ताजपोशी।
- **1489:** निजाम खान को सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया।
- **1549:** यूरोपीय देश बेल्जियम के घेंट इलाके से यहूदियों को बाहर निकाला गया।
- **1712:** इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किया।
- **1850:** हार्वर्ड वेधशाला ने तारों का पहला फोटोग्राफ लिया।
- **1893:** इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- **1898:** स्पेन की सेना ने क्यूबा के सेंटियागो क्षेत्र में अमेरिका के समक्ष आत्मर्समपण किया।
- **1906:** क्लेमेंट आर्मंड फैलिएरेस फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए।


# डीएम ने किया जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक, पौधरोपण की तैयारियों का लिया जानकारी




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान 23 के अन्तर्गत आगामी 22 जुलाई, एवं 15 अगस्त 23 को जनपद में होने वाले वृहद पौधरोपण के सम्बन्ध में रायफल क्लब सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें बताया गया कि वर्ष 2023-24 मे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है जिसकी पूर्ती हेतु वृहद वृक्षारोपण की तिथि निर्धारित किया गया है। उक्त तिथि को जनपद में वन विभाग द्वारा 9,35000 व अन्य विभाग द्वारा 30,64,936 कुल 39,99,936 पौधो का रोपण किया जायेगा। उक्त बैठक में आगामी 22 जुलाई एंव 15 अगस्त को होने वाले पौधरोपण के सम्बन्ध में समस्त तैयारियों यथा- विभिन्न विभागों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप स्थलों का चिन्हांकन, गडढा खुदान, सम्बन्धित विभाग द्वारा नर्सरी से पौध प्राप्त करने की स्थिति, मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने वाले पौधरोपण के स्थलों का चिन्हांकन, वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम वन, नन्दन वन, आयुष वन, नक्षत्र वन, पंचवटी, शक्ति वन, हरिशंकरी आदि स्थलों का चिन्हांकन आदि के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा समस्त विभागों को शासन से आवंटित लक्ष्य के अनुरूप नर्सरी से पौधों की उपलब्धता व विभिन्न विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष और अधिक वृक्षारोपण किये जाने की स्थिति आदि के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की गयी है। अतः सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य के अनुरूप पौधों की प्राप्ति लगभग कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि कुल लक्ष्य 39,99,936 के सापेक्ष जिन विभागो द्वारा अभी तक अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष पौधो का उठान नही किया है वे अविलम्ब पौधो का उठान निर्धारित कर लिया जाये। उन्होंने सभी प्रकार के वृक्षारोपण जैसे- ग्राम वन, नन्दन वन, आयुष वन, नक्षत्र वन, पंचवटी, शक्ति वन, हरिशंकरी आदि की तैयारियों के सम्बन्ध में अवगत कराया। जिलाधिकारी महोदया द्वारा बैठक में प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 वन प्रभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी प्रकार की तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण कर ली जाय इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 वन प्रभाग को आगमाी वृक्षारोपण कार्यक्रम को गम्भीरता से लेने तथा सभी तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश दिया साथ ही सभी विभागों जैसे- कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, लो0नि0वि0 आदि की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से एक-एक कर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन सभी स्थलों का निरीक्षण सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम व बीडीओ द्वारा कर लिया जाय। साथ ही जनपद स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम कराये जाने का स्थल चयन कर सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाय। उन्होंने प्रभागीय निदेशक सा0वा0 वन प्रभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों से स्थलों का चयन व पौधरोपण की स्थिति की रिपोर्ट हमें तत्काल उपलब्ध करा दी जाय। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करायें तथा सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ ही साथ रोपित पौधों को जीवित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है, उसे सभी विभाग जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान में हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला, दूसरे को ढहाया

### हिंदुओं के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, कराची में माता मंदिर को बुलडोजर से गिराया






**कराची, (एजेंसी)।** पाक में सिंध के काशमोर में रविवार सुबह एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। हमलावरों ने मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की। गोलियों की आवाज सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमलावर फरार हो गए।

पाक में 48 घंटे में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की यह दूसरी घटना है। इससे पहले कराची में शुक्रवार रात 150 साल पुराना हिंदू मंदिर ढहा दिया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मारी माता मंदिर पर रात में बुलडोजर चलाया गया। उस वक्त इलाके में बिजली नहीं थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हमले के दौरान मंदिर बंद था, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हमलावरों ने मंदिर के पास रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर भी हमला किया। शुरुआती जांच के मुताबिक हमलावर 8 से 9 लोग थे। पुलिस उनकी तलाशी के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

कराची के लोगों ने बताया- शुक्रवार की रात कुछ लोग बुलडोजर लेकर आए और मारी माता मंदिर की बाहरी दीवारों और मेन गेट को छोड़कर भीतर से पूरा मंदिर तहस-नहस कर दिया। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक जब मंदिर को ढहाया जा रहा था, तब मंदिर ढहाने वालों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस तैनात थी। यह मारी माता मंदिर मुखी चोहितराम रोड पर स्थित है। जिससे कुछ ही दूरी पर सोल्जर बाजार पुलिस स्टेशन भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की जमीन को एक शॉपिंग प्लाजा प्रमोटर को 7 करोड़ रुपए में बेच दिया गया है। इसीलिए मंदिर को तोड़ दिया गया।

### मंदिर के आंगन में खजाना होने की भी कहानियां

श्री पंच मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी राम नाथ ने बताया कि मारी माता का मंदिर करीब 400 से 500 वर्ग गज में 150 साल पहले बनाया गया था। इसके आंगन में पुराना खजाना दबे होने की कहानियां भी प्रचलित हैं। मारी माता मंदिर का मैनेजमेंट मद्रासी हिंदू समुदाय के पास था। उनका कहना है कि मंदिर बहुत पुराना था और कभी भी गिर सकता था। इसीलिए हमने ज्यादातर मूर्तियों को अस्थाई रूप से दूसरे स्थान पर रख लिया था। हमने सोचा था कि नया मंदिर बनने के बाद ही मूर्तियों को वापस उनके स्थान पर रखेंगे।



### छोटे कमरे में शिफ्ट की गई प्रतिमाएं

वहीं स्थानीय पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया क्योंकि इसे अधिकारियों द्वारा एक खतरनाक संरचना घोषित किया गया था। मंदिर कराची के मद्रासी हिंदू समुदाय द्वारा चलाया जाता था, जो इस बात से सहमत था कि संरचना बहुत पुरानी और खतरनाक थी। मंदिर प्रबंधन ने अनिच्छा से लेकिन अस्थायी रूप से अधिकांश देवताओं की प्रतिमाओं को एक छोटे से कमरे में शिफ्ट कर दिया।

### डेवलपर को जाली कागजों पर बेची भूमि

क्षेत्र के एक हिंदू समुदाय के नेता रमेश ने बताया कि मंदिर प्रबंधन पिछले कुछ समय से परिसर खाली करने के दबाव में था क्योंकि जमीन जाली दस्तावेजों पर एक डेवलपर को बेच दी गई थी, जो भूखंड पर एक व्यावसायिक इमारत बनाना चाहता था। हिंदू समुदाय ने पाकिस्तान-हिंदू परिषद, सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह और सिंध पुलिस के महानिरीक्षक से नोटिस लेने और तत्काल आधार पर मामले को देखने की अपील की है। बता दें कि कराची कई प्राचीन हिंदू मंदिरों का घर है। पाक में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है।

## प्रदेश में दुग्ध उत्पादन की चुनौतिया एवं संभावनाएं विषयक पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी संपन्न



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी मे अर्थशास्त्र विषय के शोध छात्र विमलेश कुमार यादव ने अपने शोध प्रबंध की विषय वस्तु "उत्तर प्रदेश में दूध उत्पादन की चुनौतिया एवं संभावनाएं गाजीपुर जिले के भावरकोल ब्लाक के विशेष संदर्भ में" नामक विषय पर शोध प्रबंध प्रस्तुत किया। शोध छात्र विमलेश कुमार यादव ने बताया कि भारत में दूध उत्पादन एवं उपभोग में विश्व में पहला स्थान है लेकिन दूध उत्पादकता में पीछे है। गाजीपुर जिले के भांवरकोल ब्लॉक में दुग्ध उत्पादन की बहुत चनौतिया है, लेकिन अपार सम्भावनाये है। यह क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़े होने एवं किसानों की जागरूकता तथा सक्रियता के कारण राजधानी लखनऊ तक आसानी से दुग्ध विपणन कार्य किया जा सकता है। यह इस बात का संकेत देता है कि यदि गाजीपुर जिले में वैज्ञानिक ढंग से दुग्ध उत्पादन की दिशा में कार्य किया जाय तो दूध उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ने की अपार संभावनाये है। शोध छात्र ने प्राथमिक आंकड़ों के विश्लेषण द्वारा यह बताया कि डेयरी उद्योग, लोगों के कल्याण बढ़ाने तथा गरीबी को कम करने में रचनात्मक भूमिका अदा कर सकता है। शोध प्रबंध प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति व अनुसंधान एवं विकास समिति के सदस्यों , प्राध्यापको तथा शोध छात्रों द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोध छात्र विमलेश कुमार यादव ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। उसके तत्पश्चात समिति एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी0 सिंह, मुख्य नियंता प्रोफे० डॉ० एस० डी० सिंह परिहार, शोध निर्देशक डॉक्टर श्रीकांत पाण्डेय, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ० रविशेखर सिंह, प्रोफे०डॉ०अरुण कुमार यादव, प्रोफे० डॉ० सत्येंद्र नाथ सिंह , डॉ० रामदुलारे, डॉ० योगेश कुमार, डॉ० शिवशंकर सिंह यादव, प्रोफे० डॉ० रविशंकर सिह, डॉ० हरेंद्र सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे। अंत में अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी. सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।

# देश में संचालित नीमा की शाखाओं में शाहगंज शाखा सबसे विकसित और सक्रिय है : डॉ. उमाशंकर पाण्डेय

**नीमा के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में जुटे तमाम डॉक्टर्स, धूमधाम से मनाया सिल्वर जुबली कार्यक्रम**




प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एशोसिएशन(नीमा) के बैनर तले संगठन के 25 वर्ष पूरे होने रविवार की रात नगर के एक होटल में सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महा सचिव डाक्टर उमाशंकर पाण्डे ने कहा की इस समय पूरे देश मे नीमा की कुल 1153 शाखाएं और 113 शाखाएं उत्तर प्रदेश में संचालित हो रही है जिनमे से शाहगंज की शाखा सबसे सक्रिय और विकसित शाखा है नीमा की शाहगंज इकाई जौनपुर जनपद के 80 प्रतिशत गरीबों और मरीजों की सेवा करती चली आरही है जिसमे जनपद के सभी चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।आज इस कार्यक्रम में हर पैथी के डॉक्टरों का शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है।श्री पाण्डे आगे कहा की हमारा उद्देश्य सभी मरीजों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराना है। वही शाहगंज इकाई के अध्यक्ष डाक्टर शौकत खान ने कहा की आयुर्वेद, यूनानी की समन्वित संगठन नीमा हर मौके पर समाजसेवा और मरीजों की सस्ती चिकित्सा उपलब्ध कराता आया है और आगे भी निरन्तर जारी रहेगा।श्री खान ने कहा नीमा मेधावी छात्रों को चयनित कर जरूरतमंद छात्रों के पढाई का पूरा खर्च उठाएगी। कार्यक्रम का आरम्भ डाक्टर अमजद अंसारी ने नात ए कलाम पाक से किया। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर सरफुद्दीन आजमी ने किया। उक्त अवसर पर डाक्टर खुर्शीद आलम,डाक्टर डीसी तिवारी, डाक्टर बलवंत सिंह, डाक्टर उमर,डाक्टर नदीम खान, डाक्टर फारूक अरशद, डाक्टर जेपी दुबे, डाक्टर अभिषेक रावत, डाक्टर अतुल यादव,डाक्टर तारिक शेख, डाक्टर अबुसालेह, डाक्टर रेहान, डाक्टर अब्दुल्लाह ,डाक्टर जुबेर अंसारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


# हथियाराम मठ में पत्रकार वार्ता कर महंत ने किया पत्रकारों को सम्मानित, 19 जुलाई को शामिल होने का भी किया निवेदन

प्रखर जखनियां गाजीपुर (गौरीशंकर पाण्डेय सरस)। जखनियां तहसील क्षेत्र अंतर्गत हथियाराम स्थित सिद्धपीठ में 19 जुलाई को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के आगमन के मद्देनजर मठ व प्रशासन की तरफ से तैयारियां जोरों पर है। संघ प्रमुख मोहन भागवत बेसो नदी के रमणीय तट पर स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नन्दन यति जी महाराज के सानिध्य में बुढ़िया माता का दर्शन-पूजन व अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसी के दृष्टिगत सोमवार को शुद्ध श्रावण मास कृष्ण पक्ष की सोमवती अमावस्या के अवसर पर मठ परिसर में एक पत्रकार वार्ता का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय से लेकर स्थानीय पत्रकारों ने हिस्सा लिया। पत्रकार वार्ता में सबसे पहले सिद्ध संत साधना स्थल की ऐतिहासिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि पर



सारगर्भित प्रकाश डालते हुए सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर श्री भवानी नंदन यति महाराज श्री ने हथियाराम मठ के प्रति अपने निःस्वार्थ तथा अटूट श्रद्धा समर्पण भाव से अवगत कराते हुए मठ की गरिमा एवं वैभवशाली विशेषताओं से भी परिचित कराया। कहा कि बृद्धांबिका माता (बुढ़िया माई)की असीम कृपा का प्रतिफल ही है कि आज यह मठ आर्थिक स्थिति से मजबूत होकर दिन प्रतिदिन विकास और कीर्तिमान के पथ पर बढ़ रहा है। वरना कभी यह मठ अपनी आर्थिक विपन्नता का दंश झेला करता था। महाराज श्री ने पत्रकार वार्ता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि पत्रकार देश के चतुर्थ स्तंभ के रूप में राष्ट्र और समाज के सजग प्रहरी हैं। पत्रकार की कलम से निकला प्रत्येक शब्द समाज और राष्ट्र का मार्ग दर्शक है। बिना आमंत्रित किए अनेकानेक कार्यक्रमो का कबरेज उनके कर्तव्य परायणता को दशार्ता है।साथ ही कर्तव्य पथ पर निश्चिंत और निरंतर बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज हमारे छोटे से निवेदन पर आप सब पत्रकारो की उपस्थिति मेरे लिए सादर गौरवान्वित है। ऐसे कलमकारों का सादर अभिनन्दन किया जाना मेरा दायित्व ही नहीं अपितु सौभाग्य का बिषय है। उक्त अवसर पर महाराज श्री ने उपस्थित पत्रकारों को माता की चुनरी कलम और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया।साथ ही 19जून को सरसंघचालक मोहन भागवत के एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में शिरकत करने का निमंत्रण दिया। मोहन भागवत के आगमन उद्देश्य को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जबाव में महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति महाराज ने बताया कि पांच साल पहले उज्जैन में आयोजित एक कार्यक्रम में छोटे से संबोधन से हुआ। उन्होंने मेरे प्रवास करने की अपनी हार्दिक इच्छा प्रकट किया था। लेकिन कार्यक्रम की व्यस्तता के चलते संभव नहीं हो सका।संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुझे जानकारी हासिल हुई है कि संघ प्रमुख का एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम निश्चित होगया है। मेरे मन में हार्दिक इच्छा होती रही की उनका प्रवास मठ में हो।अब जाकर संयोग बना है। उनके द्वारा मेरे चातुर्मास उपवास क्रम में वह बुढ़िया माई का दर्शन पूजन के साथ साथ मेरे अन्य कार्यक्रम में भी हिस्सा ले सकेंगे। तथा प्रवास के दौरान संतों से संवाद मंदिरों में आशीर्वाद के अलावा मंदिर संचालन समिति के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा पुज्य ब्रह्मलीन गुरुओ के साधना स्थल पर नवग्रह वाटिका की स्थापना करेंगे। पिछली बार के आगमन पर उनके कर कमलों द्वारा पंच बाटिका की स्थापना हुई थी।इस मौके पर जिला मुख्यालय से लेकर स्थानीय स्तर के सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के सपनों को पंख दें कंपनियां - प्रो. निर्मला एस. मौर्य



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सोमवार को कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन, स्टार्टअप तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए देश की चार प्रतिष्ठित संस्थानों के मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगा। इससे इनक्यूबेशन सेंटर को भी नए-नए विचार मिलेंगे और विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर में मार्गदर्शन करने का मार्ग खुलेगा। उन्होंने संस्था के प्रतिनिधियों से कहा कि विद्यार्थियों के सपनों को पंख दें जिससे वह ऊंची उड़ान भर सकें। बिमटेक के कार्तिकेय मनन और मनीष सिंह ने कहा कि इन्क्यूबेशन के दौरान आने वाली विद्यार्थियों की समस्याओं को दूर किया जाएगा। विद्यार्थियों के आइडिया जनरेट से लेकर उसे धरातल पर उतारने में पूरा मदद किया जाएगा। उन्हें हर स्टेप पर मार्गदर्शन किया जाएगा। स्टार्टअप के लिए बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थी अपने विचार को आयाम दे सकें। मुंबई अराइज एन. अवेक संस्था की रमा सिंह दुर्गवंशी ने कहा कि महानगरों के शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों को जो विशेषज्ञ मिल रहे हैं वह अब पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से भी जुडेंगे। इसी क्रम में गाजियाबाद की एरोमा प्राइवेट लिमिटेड की (मिस्टर प्रोफेसनल) के सुनील जायसवाल ने कहा कि स्टार्टअप के लिए लीगल सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थियों को कारपोरेट जगत के लिए तैयार किया जाएगा। लखनऊ बीएसएन इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के रमाशंकर ने कहा कि शिक्षा जगत और उद्योग के बीच गैप को दूर करने के लिए कदम बढ़ाएंगे। उद्योग की आश्यकताओं को पढ़ाई के दौरान पूरा करने से आसानी से रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इसके बाद डा. राजकुमार के प्रस्ताव पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने कौशल विकास और प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। गांव के बच्चों को प्रशिक्षण देकर विश्वविद्यालय द्वारा स्वरोजगार देना और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिनिधियों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन इनक्यूबेशन सेंटर के कार्यकारी निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने किया। इसके पूर्व कंपनी के प्रतिनिधियों का विश्वविद्यालय की ओर से स्वागत किया गया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी मंडल एवं विंध्याचल मंडल की समीक्षा बैठक संपन्न

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ काशी विद्यापीठ के संयोजक बने डा0 संजय गुप्ता

प्रखर वाराणसी। लोहता स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं विंध्याचल मंडल की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रभारी महेंद्र कुमार जी तथा संचालन प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ने किया।

बैठक में शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षकों के समस्याओं के समाधान के तरीकों तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रभारी महेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एक ऐसा शैक्षिक संगठन है जो अन्य संगठनों की तरह हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो के भावना से नहीं अपितु शिक्षा शिक्षार्थी शिक्षक समाज के उत्थान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है।



16 अगस्त 2023 को प्रदेश के समस्त जनपदों में एक साथ शुरू हो रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्यता अभियान की सफलता के लिए प्रदेश द्वारा 16 अगस्त को विशेष सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय किया गया है जिसके क्रम में प्रदेश के समस्त 8000 न्याय पंचायतों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सभी पदाधिकारियों अवकाश लेकर शिक्षकों के बीच जाकर उन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सदस्यता दिलवायेंगे जिसके क्रम में तंय हुआ कि वाराणसी एवं विंध्याचल मंडल के समस्त जनपदों के जिला ब्लाक पदाधिकारी भी 16 अगस्त को अपने न्याय पंचायतों में शिक्षकों के बीच उपस्थित रहेंगे।

बैठक में डा० संजय गुप्ता को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ काशी विद्यापीठ ब्लाक का संयोजक तथा करुणा मौर्या एवं विनोद पटेल को सहसंयोजक बनाया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षा, शिक्षार्थी,शिक्षक हित के कार्यों तथा राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर महिला शिक्षक सशक्तिकरण संघ सोनभद्र की अध्यक्ष श्रीमती साधना सारंग तथा महामंत्री शशिबाला सिंह सोनभद्र से चलकर वाराणसी पहुंची और आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की सदस्यता लिया। बैठक में विंध्याचल मंडल के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा,वाराणसी मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,वाराणसी मंड एवं जिला के महामंत्री आनंद कुमार सिंह ,भदोही जनपद के अध्यक्ष धीरज सिंह,सोनभद्र जनपद के संयोजक अशोक त्रिपाठी सह संयोजक इंदु प्रकाश सिंह ,मिजार्पुर जनपद के संयोजक राजनाथ तिवारी सह संयोजक सत्यव्रत सिंह चंदेल,चंदौली जनपद के महामंत्री इम्तियाज खान,जौनपुर जनपद के सह संयोजक केशव सिंह,वाराणसी जनपद से महिला विंग की अध्यक्ष डा० रमा रुखैयार, जिला कोषाध्यक्ष डा० दिनेश चंद,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल ,उपाध्यक्ष आशा पाठक डा० सुशील कुमार दीपिका सिंह अरविंद द्विवेदी ,जिला मंत्री प्रभात भृगुवंश सुधा रानी संतोष कुमार पाण्डेय,संयुक्त मंत्री रितु ओबराय संजीव त्रिपाठी अनुराधा भार्गव,प्रचार मंत्री धीरज सिंह,सह संगठन मंत्री प्रशांत मोहन गिरी,सह मीडिया प्रभारी नंदलाल मौर्या,महिला विंग की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती गुप्ता महामंत्री डा० कुमुद सिंह उपाध्यक्ष रीना वर्मा प्रीति सिंह ,जिला मंत्री शालिनी जायसवाल ,शैक्षिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय कुमार, आराजीलाइन्स ब्लाक के कार्यकारी अध्यक्ष अमिताभ राय उपाध्यक्ष चंद्रप्रताप नारायण सिंह राजेश कुमार चौबे संयुक्त मंत्री महेंद्र वर्मा,चोलापुर के अध्यक्ष पवन सिंह ,पिण्डरा के अध्यक्ष संजय पाण्डेय संरक्षक मनीष दूबे, सेवापुरी के मंत्री राजकुमार,नगरक्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पाठक महामंत्री चंद्रमोहन यादव ,हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रंग लाया विधायक रामाशंकर सिंह पटेल की पहल 1 हफ्ते के अंदर पर्यटकों के लिए खुलेगा लखनिया दरी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण पर आए रामाशंकर सिंह पटेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि लखनिया दरी पर्यटक स्थल बीते वर्ष सन 2022 में 9 सैलानियों की मौत हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों के लिए चुना दरी एवं लखनिया दरी को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करते हुए आवाजाही पर रोक लगा दिया था। 1 वर्ष बीत जाने के बाद क्षेत्र की जनता ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया समेत अन्य प्लेटफार्म पर तेजी से उठाते हुए स्थानीय विधायक से पर्यटक स्थलों को खोलने की पहल की थी क्षेत्रीय जनता एवं पर्यटकों को हो रही असुविधा एवम मायूसी को देखते हुए विधायक रामाशंकर सिंह पटेल ने जिलाधिकारी से लखनिया दरी को खोलने को लेकर वार्ता किया था। जिस पर बीते रविवार देर शाम



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिस्त्र ने लखनिया दरी का दौरा कर 1 हफ्ते के अंदर पार्किंग समेत पर्यटकों की सुरक्षा संबंधित दिशानिर्देश को पूरा करते हुए, निम्न शर्तों के साथ केवल लखनिया दरी को चालू करने का आश्वासन दिया है । वही चुनादरी पर पर्यटकों के लिए आवाजाही पर पहले की तरह रोक बरकरार रहेगा। लखनिया दरी पर्यटक स्थल खुलने की सूचना पर क्षेत्रीय जनता समेत ट्यूटर फेसबुक यूजरो ने विधायक रमाशंकर सिंह पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया । वहीं स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह अग्रहरी समेत भाजपा जनों ने भी विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## शीतला महरानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने बच्चों को वितरित करवाया सावन के पावन महीने के उपलक्ष में खीर

प्रखर जौनपुर। मां शीतला माता मंदिर चौकियां धाम में शीतला महरानी पुरोहित ट्रस्ट के पुरोहित परिवार ने आज उक्त ट्रस्ट की तरफ से शीतला विद्या मंदिर चौकिया धाम में एक कार्यक्रम सावन के सोमवार के उपलक्ष में आयोजित किया इस मौके पर ट्रस्ट के मुख्या विद्याधर त्रिपाठी ने बताया कि सावन के इस पावन महीने में लोगों को तरह-तरह के पुण्य के काम करना चाहिए, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आज विज्ञान के साथ-साथ बच्चों को विधान की भी जानकारी देना अति आवश्यक है ताकि वह शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की भी जानकारी लें संस्कारी होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम जय कांत



त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य एवम मनोज की निगरानी में संपन्न हुआ ,कार्यक्रम का संचालन कृतिका त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर खीर खाकर बच्चों में एक अलग ही प्रकार की खुशी देखने को मिली। शीतला विद्या मंदिर में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहते हैं, उसी कड़ी में आज सावन के मौके पर बच्चों में खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## शेपर्थ रागा अपार्टमेंट में रेजीडेंट्स एसोसिएसन के महिलाओं ने धूमधाम से मनाया श्रावण मास सेलिब्रेशन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिवपुर स्थित शेपर्थ रागा अपार्टमेंट में रेजीडेंट्स एसोसिएसन के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा श्रावण मास के सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन किया गया` इसके अंतर्गत सोसाइटी की समस्त महिलाओं ने परंपरा के अनुसार भगवान शिव पार्वती की पूजन वंदन किया गया इसके साथ महिलाओ ने मेहंदी का आयोजन किया और हरे रंग के पारंपरिक वस्त्रों को धारण करके भगवान शिव पार्वती से अपने परिवार और अपने दाम्पत्य जीवन के कुशल मंगल और सुख की कामना की इस शुभ अवसर पर नीलिमा देवी, सोनम सिंह, प्रतिभा मिश्रा, इंद्रा देवी, स्वाति सिन्हा, नमिता देवी, सुमिता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि ऐसे आयोजन से समाज, बच्चों और आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कृति और सभ्यता से मुखर होने उसको जानने समझने का अवसर प्राप्त होता है ऐसे आयोजन हिंदू धर्म और सनातन धर्म के परिचायक हैं कार्यक्रम के उपरांत प्रीति भोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम बड़े सौहार्द पूर्वक संपन्न हुआ।

## विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की नई कमेटी का हुआ गठन

प्रखर वाराणसी। विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की नई कमेटी का गठन रविवार को हुआ। बता दें कि विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की योजना बैठक झूँसी स्थित सदाफल विज्ञान देव आश्रम में आयोजित की गई। इसमें केवलकृष्ण कपूर प्रांत कार्यसमिति के सदस्य, शशि भूषण त्रिपाठी प्रांत सह मठ मंदिर प्रमुख, अजय शास्त्री प्रांत समाचार प्रमुख एवं डॉ लोकनाथ पांडे प्रांत प्रचार प्रमुख चुने गए। वहीं अनिल यादव विभाग उपाध्यक्ष, राजन तिवारी विभाग मंत्री, रागिनी मिश्रा विभाग संयोजिका मातृशक्ति, अनिल सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा व गिरीश चंद्र गिरी महानगर उपाध्यक्ष, यस नायिक महानगर संयोजक, कर्णशंकर महानगर संयोजक, प्रमोद धनोत व अनिल यादव महानगर मंत्री, तारा प्रसाद कोषाध्यक्ष चुने ग।ए सीमा तिवारी व ममता सिंह को भी दायित्व दिया गया।

## गंधौना गांव में युवक की अज्ञात सिर कटी लाश मिलने की घटना का पर्दाफाश, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर जौनपुर। रामपुर थाना के गंधौना गांव में हफ्ते भर पुर्व एक युवक की अज्ञात सिर कटी लाश मिलने की घटना का पुलिस ने सोमवार को अनावरण कर दिया है। गिरफ्तार हत्या अभियुक्तों की निशानदेही पर एक खेत से मृतक युवक का सिर और हत्या में प्रयुक्त गड़ासा भी बरामद किया है। बताते चलें कि 1 हफ्ते पूर्व गधौना गांव में एक अज्ञात 45 वर्षीय युवक की सिर कटी लाश पुलिस को मिली थी। जिसकी बाद में पहचान रामकैलाश यादव निवासी सेहरा कठार के रूप में हुई। जिसके बाद से सक्रिय हुई पुलिस ने बीते 13 तारीख को मुखबिर की खास सूचना पर मृतक के सिर को घटनास्थल से 200 मीटर दूर स्थित एक खेत से बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की ही बताए अनुसार हत्या में शामिल अभियुक्तों की तलाश करना शुरू कर दिया था। थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय ने टीम बनाकर घटना के अनावरण के लिए प्रयासरत थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि घटना का मुख्य अभियुक्त विपिन गौतम कहीं जाने की फिराक में है। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने अपने



हमराह साथियों के साथ प्रानपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग शुरू किया। थोड़ी देर में ही विपिन कुमार गौतम पुत्र किशोरी गौतम निवासी ग्राम गन्धौना मनापुर को पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विपिन से जब हत्या के बारे में कड़ाई से जानकारी किया तो हत्या में शामिल मोनू उर्फ मोनू गौतम पुत्र लालजी गौतम निवासी गन्धौना मनापुर थाना रामपुर एवं मुन्ना मिश्रा उर्फ संतोष मिश्रा पुत्र बाबा मिश्रा उर्फ हरिवंश मिश्रा निवासी ग्राम औंरा थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुयें अभियुक्तगण मोनू उर्फ मन्नू गौतम व मुन्ना मिश्रा उर्फ संतोष मिश्रा को सिरौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त विपिन गौतम की निशानदेही पर मृतक रामकैलाश यादव की हत्या में प्रयोग किये आलाकत्ल (गड़ासा) को अभियुक्त के घर से बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से माननीय न्यायाधीश ने तीनों अभियुक्तों संगीन घटना को देखते हुए जेल भेज दिया है।

# खतरों के निशान पर पहुँच गई अमृत योजना

### जेसीवी पलटने की घटना से लोगों में बढ़ी दहशत, आये दिन राहगीरों के सामने पड़ता है नया गड्ढा

प्रखर जौनपुर। अमृत योजना के अर्न्तगत चल रहे सीवर पाइप लाइन कार्य में जमीन धंसने का सिलसिला लगातार जारी है। अभी तक तो इसकी मार राहगीर ही झेल रहे थे लेकिन रविवार को कार्यदायी





संस्था की जेसीबी भी इसकी चपेट में आ गई। अचानक सड़क धंसने के कारण सद्भावना पुल पर खड़ी जेसीवी गड्ढे में पलट गई। घटना में ड्राइवर के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। अमृत योजना के तहत लम्बे समय से चल रहे कार्य ने शुरू से लेकर अब तक लोगों को सिर्फ कष्ट ही दिया है। इसकी खोदाई से तरह-तरह की परेशानियों ने लोगों को हैरान कर दिया है। पहले तो लोगों को धूल फांकना पड़ता था, लेकिन बरसात के दिनों में परेशानी का स्वरूप बदल गया है। इन दिनों नगर की हर गली गड्ढा व कीचड़ युक्त हो गयी है। जहाँ आये दिन बाइक लेकर गिरने जैसी छोटी-छोटी घटनाएं हो रहीं है। इधर दो दिन की मूसलाधार बारिश ने नगर के वीआईपी से लेकर आम क्षेत्रों की सड़कों की कलई खोल दी है। सीवर पाइप लाइन के लिये खोदे गये स्थान की सड़के आये दिन धंसती ही जा रही है। हांलाकि अभी तक नगर में कोई बड़ी घटना तो नहीं घटी लेकिन रविवार को नगर के सद्भावना पुल रोड पर चल रहे सीवर पाइल लाइन कार्य के दौरान वहीं की जमीन धंसने से जेसीवी गड्ढे में पलट गई। इसके पीछे कारण यह है कि सड़के भीतर ही भीतर इस कार्य से खोखली होती जा रही हैं। साफ तौर पर देखा जा रहा है कि आज नगर के हर क्षेत्र में जमीने धंसने की घटनाएं आम हो गई हैं। घटना की जानकारी होते क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुँच गई। इस दौरान नगर के अन्य क्षेत्र एसपी आवास के ठीक सामने व लाइन बाजार रोड पर सड़क धंसने से बड़ा-बड़ा गड्ढा बना गया है। ऐसी घटनाएं लोगों की जान लेने के लिये काफी है। अगर यही हाल रहा तो राह चलते लोग काल के गाल में समा सकते हैं। ऐसे में हर सुबह लोगों का सामना एक नये गड्ढे से हो रहा है। जेसीवी घटना से राहगीरों में दहशत बढ़ गई है।

## तमंचा व कारतूस के साथ 10 हजार का इनामिया अपराधी गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार स्वाट टीम व थाना नगसर हाल्ट की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित 10000 रु0 का इनामिया सूरज सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी बरेहता थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 28 वर्ष को 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद कारतूस .315 बोर के साथ असाँव नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बृजमोहन थाना नगसर हाल्ट, कांस्टेबलअजय प्रसाद स्वाट टीम, कांस्टेबल जयन्त सिंह स्वाट टीम, कांस्टेबल उपेन्द्र गौड शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 16 से 22 जुलाई तक पूरे देश में भूजल सप्ताह का होगा आयोजन




प्रखर वाराणसी। क्रम भूगर्भ विभाग, खण्ड वाराणसी द्वारा राही टूरिस्ट बॉन्गलो सारनाथ ई. आर. के. शर्मा, सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट एवम श्री अभय पाण्डेय, पार्षद, सारनाथ वार्ड के नेतृत्व में बृक्षारोपण कर आज दिनांक 16 जुलाई 2023 को सुबह 9 बजे जल संरक्षण विषयक लघु गोष्ठी का आयोजन कर रैली निकाली। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार पाण्डेय (जल मित्र) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता विनोद पाण्डेय (बल्ली गुरू ) द्वारा संगोष्ठी में आये हुआ मेहमानों का आभार प्रकट करते हुआ किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्यरूप से सर्वश्री संजय पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, भैयालाल पाल, विनय पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, संगम पाण्डेय, मुन्ना राजभर, मुन्ना कन्नौजिया, शैलेश बरनवाल के साथ साथ टूरिस्ट विभाग के अधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित रहें।

## प्रभावती और शिवशंकर यादव बने समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य

प्रखर मिजार्पुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के संस्तुति पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओ को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभावती यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व सासंद बाल कुमार पटेल, पूर्व विधायक कैलाश चौरसिया, जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, गंगा प्रसाद यादव, परवेज खान, आशीष यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, जवाहर लाल मौर्या, रोहित शुक्ला, पारसनाथ कुशवाहा, दामोदर मौर्या, निजाम राईन, कीर्ति कोल, राजनारायण निराला कोल, सियाराम जैसल, प्रभात सिंह पटेल, ज्योति त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र सिंह, अयोध्या मास्टर, बिन्देश्वरी बिन्द, राजेन्द्र एस0 बिन्द, आशा देवी, दिनेश पटेल, सुरेश यादव आदि शामिल है।

## 24 घण्टे के अंदर विशेष अभियान चलाकर जिले भर से 74 लोगों को किया गया गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक ह्यसंतोष कुमार मिश्राह्ल के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा वारण्टी/वांछित/पुरस्कार घोषित/प्रिवेंटिव अभियुक्तों के विरूद्ध धर पकड़ हेतु चलाये गये 24 घण्टे के विशेष अभियान में मीरजापुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है जिसमें जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से वारण्टी/वांछित/पुरस्कार घोषित/प्रिवेंटिव सहित अन्य के कुल 74 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है ।

## बी0के0 आरोग्यम एण्ड रिसर्च प्रा0लि0 आयुर्वेदिक हास्पिटल के हार्ट केयर यूनिट का एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बी0के0 आरोग्यम एण्ड रिसर्च प्रा0लि0 आयुर्वेदिक हास्पिटल के हार्ट केयर यूनिट का भव्य उद्घाटन एम0एल0सी0 हंसराज विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष वाराणसी भारतीय जनता पार्टी के कर कमलो द्वारा द्वारा किया गया` बी0के0 आरोगयम के डायरेक्टर डॉ0 बृजेश चौरसिया ने बताया कि हमारा हास्पिटल उ0प्र0 का पहला आयुर्वेद आधारित हास्पिटल है जिसमें हम विगत 24 वर्षो से किडनी का सफल इलाज कर रहे है साथ ही अन्य रोगों का भी इलाज कर रहे है जिसमें हृदय रोग पर भी हम मरीज को पूरी तरह से बिना आपरेसन या बाईपास सर्जरी के उसका हृदय रीजनरेट कर दे रहे है इसी कड़ी में इसका ये उद्घाटन किया गया है` एम0एल0सी0 भाजपा जिलाध्यक्ष वाराणसी हंसराज विश्वकर्मा ने



उद्घाटन समारोह में कहा कि मैं स्वयं डॉ0 चैरसिया जी के इस प्रयास से बहुत ही प्रसन्न हूँ डॉ0 चौरसिया हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महात्वांकाक्षी योजना जो कि घर-घर तक आयुर्वेद को पहुँचाना है उसी कड़ी में पूरा सहयोग कर रहे है साथ ही एलोपैथ से होने वाले नुकसान एवं साइड इफेक्ट को भी बता रहे है उन्होने पूरे भाव से ईश्वर से बी0के0 आरोग्य की सफलता प्रार्थना किया` उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम0एल0सी0 भाजपा जिलाध्यक्ष वाराणसी हंसराज विश्वकर्मा के साथ -साथ सतीश, पार्षद मण्डुवाडीह, डा0 रितेश चैरसिया, डॉ0 शिमैली चौरसिया ,राहुल पाठक, सोमेश श्रीवास्तव ,भगत एवं अन्य हास्पिटल के सहयोगी एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं